नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

वर्ष 09 अंक 206
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
5 मई 2024
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 लवली, राजकुमार चौहान समेत भाजपा में शामिल हुए...
06 वोट जिहाद से डर गए महाबली : राकेश अचल
12 मोदी सत्ता में बने रहने के लिए हिंदुओं में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं: फारूक





पाक नेता कांग्रेस के 'शहजादे' को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे हैं दुआ : मोदी

पलामू (झारखंड), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने।

मोदी ने पलामू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। उन्होंने कहा, ''मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था, जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था।''

मोदी ने कहा, ''नया भारत जानता है कि दुश्मन के इलाके में कैसे घुसना है और हमला करना है 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' से हिल चुके पाकिस्तान के नेता दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का शहजादा देश का प्रधानमंत्री बने।''

मोदी ने पलामू से भाजपा उम्मीदवार वी डी राम के लिए प्रचार करते हुए कहा कि इससे पहले, कांग्रेस नीत सरकारें देश पर किसी आतंकवादी हमले से 'असहाय' हो जाया करती थीं, लेकिन अब स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान 'देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है'। उन्होंने मतदाताओं से वोट के महत्व को पहचानने का आग्रह किया, ''जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद राम मंदिर के निर्माण में योगदान दिया, साथ ही जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का मार्ग प्रशस्त किया।''

मोदी ने यह भी कहा कि वह मुसलमानों को आरक्षण प्रदान करने के लिए संविधान को बदलने के लिए कांग्रेस के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन आपकी जमीन हड़पना चाहते हैं। वे एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोटा छीनना चाहते हैं और संविधान में बदलाव करके मुसलमानों को आरक्षण प्रदान करना चाहते हैं। जब तक मैं जिंदा हूं, कांग्रेस के किसी भी मंसूबे को अब सफल नहीं होने दूंगा।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने कभी लोगों के कल्याण की चिंता नहीं की। पार्टी के 'शहजादा' चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए थे और जब वह गरीबों के घर जाते हैं, तो कैमरे के सामने पोज देते हैं। लेकिन, भारत को बदलना मेरी प्रतिबद्धता है।''

उन्होंने कहा, ''पिछले 25 साल में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मेरे ऊपर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा है। मेरे पास न तो घर है और न ही साइकिल लेकिन भ्रष्ट झामुमो और कांग्रेस नेताओं ने अपने बच्चों के लिए अकूत संपत्ति बना ली है।''

आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का उनका वादा है।

अपहरण मामले में कर्नाटक के विधायक रेवन्ना हिरासत में लिए गए

बेंगलुरु, (भाषा) अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एच.डी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने जानकारी दी।

पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में बृहस्पतिवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी एक शहंशाह हैं, जनता से उन्हें कोई मतलब नहीं है: प्रियंका गांधी

लखानी (गुजरात), (भाषा) कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं।

कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा, 'वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी (लोगों की) समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, मेरे भाइयों और बहनों, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा था और कहा था कि पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए

उत्सुक है क्योंकि देश के दुश्मन एक कमजोर सरकार चाहते हैं।

प्रियंका ने कहा, ''दूसरी ओर आपके 'शहंशाह' नरेन्द्र मोदी हैं। वह महलों में रहते हैं। क्या आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है? एक दम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, धूल का एक दाग नहीं है। एक बाल इधर से उधर नहीं हो रहा है। वह आपकी मेहनत, आपकी खेती को कैसे समझेंगे? वह आपकी समस्याओं को कैसे समझेंगे, आप महंगाई के बोझ से दबे हुए हैं?' कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है और कानून की किताब के जरिए लोगों को मिले अधिकारों को कम और कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा, ''जब वे कहते हैं कि वे संविधान बदलना चाहते हैं, तो इसका मतलब है कि वे संविधान में आपको दिए गए सभी अधिकारों को कम और कमजोर करना चाहते हैं। यदि आप आज की राजनीति को समझते हैं तो पिछले 10 वर्ष में मोदी ने जो सबसे बड़ा काम किया है वह है जनता के अधिकारों को कमजोर करना।''

प्रियंका ने गुजरात से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के मोदी के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने राज्य के लोगों का इस्तेमाल किया और उन्हें भूल गए। उन्होंने पूछा, 'मोदी अब आपको नहीं पहचानते। यदि वह गुजरात के लोगों से कटे हुए नहीं हैं तो वह यहां से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मोदी गुजरात से नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि वह गुजरात के लोगों से कटे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने आपका इस्तेमाल किया, आपके समर्थन से सत्ता, नाम और सम्मान अर्जित किया और आपको भूलकर खुद को आपसे अलग करने के लिए प्रधानमंत्री बन गये।' प्रियंका ने मोदी पर उनके इस बयान को लेकर भी निशाना साधा कि पाकिस्तान राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनता हुआ देखना चाहता है। उन्होंने कहा, 'चुनाव भारत में है और बात पाकिस्तान की हो रही है...देश के प्रधानमंत्री इस तरह के निम्न स्तर के बयान दे रहे हैं।''

ब्रीफ समाचार

दो दोस्तों की जान बचाकर बहादुरी की मिसाल बना सुमित यादव

सुमित यादव का इस समय इलाज श्री अग्रसेन हास्पिटल सेक्टर 22 रोहिणी में चल रहा है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

यह कारनामा कर दिखाया है महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्र सुमित यादव ने जिन्होंने गत बीते दिन प्रशांत विहार मेंसेक्टर 14 स्थित मिलानसार अपार्टमेंट में शनिवार सुबह एक चार मंजिला मकान में आग लग गई वहां पर रह रहे महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले दो इंजीनियरिंग के छात्रों को उनके एक दोस्त ने अपनी दोस्ती का फर्ज निभाते हुए अपनी जान पर खेलकर अपने साथी की सहायता करी ।

सुमित यादव जो बी.टेक,आईटी अंतिम वर्ष का छात्र है महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले दो इंजीनियरिंग के अपने छात्र साथियों अर्यन गुप्ता व अनुपम कथूरिया को अपनी दोस्ती का फर्ज निभाते हुए अपनी जान पर खेलकर अपने साथी की सहायता करी और उनको आग से सुरक्षित निकला।

आर्यन गुप्ता ने बताया कि जब मैं फ्लैट के अंदर था तकनीकी कारणों से फ्लैट में आग लग गई थी धुआ और आग की लपटो से बेचैन हो गया था मदद के लिए कुछ दिखाई नहीं दे रहा था उसी स मय मेरा दोस्त सुमित यादव भगवान के रूप में मेरे पास आया और मुझे एक बालकोनी के रास्ते चादर में लपेटकर ले गया काफी देर तक चार मंजिल बालकोनी पर खड़ा रखा मेरा हौसला बढ़ाता रहा मेरा दोस्त सुमित यादब बुरी तरह घायल हो गया लेकिन हिम्मत नहीं हारी उसकी वजह से मेरी ब अनुपम कथूरिया की जान बची है मेरा और अनुपम का जीवन बचाने का श्रेय मेरे दोस्त सुमित यादव का है जिसको में मेरा परिवार आ जीवन नही भूल पायेगा ।

बायतु विधायक को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

गुजरात में कपड़े की दुकान पर काम करता है आरोपी

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

जयपुर/बाड़मेर। बाड़मेर में बायतु से विधायक हरीश चौधरी को सोशल मीडिया पर धमकी भरी पोस्ट करने के मामले में सोशल मीडिया सेल की सूचना पर थाना सदर पुलिस की टीम ने आरोपी वीर सिंह (20)निवासी आईनाथ का तला मिठड़ा को गुजरात के गोधरा में लुनवाड़ा से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि बायतु विधायक हरीश चौधरी को v-p-banna इंस्टाग्राम नाम से आईडी से धमकी भरी पोस्ट की गई,जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई इसकी सूचना मिलने पर जिला नोडल अधिकारी व सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी की और आरोपी वीर सिंह को नामजद किया गया। इसके बाद थाना सदर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पूछताछ में आरोपी वीर सिंह ने बताया कि उसने अपने मोबाइल में इंस्टाग्राम पर ५-स्र-ुंल्लल्लं नाम से आईडी बना रखी है।उसने लोकसभा चुनाव के माहौल में आवेश में आकर बायतु विधायक हरीश चौधरी को धमकी भरा मैसेज पोस्ट कर दिया।पोस्ट करने के दो-तीन घंटे के अंदर मीडिया में यह खबर आई और उसने खबर को देखा तो उसने घबराकर अपनी आईडी से पोस्ट डिलीट कर सिम कार्ड को भी तोड़ दिया।एसपी मीना ने आमजन से अपील की है चुनाव अब समाप्त हो चुके हैं।

'मोदी का जन्म आनंद के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के लिए हुआ है'

'जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन के नेताओं ने भ्रष्टाचार के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित की है'

पिछले 10 सालों में मोदी ने आपको पक्का घर,बिजली,गैस,पानी दिया है: प्रधानमंत्री,नरेन्द्र मोदी

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पलामू में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया,जहां उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा उत्पन्न खतरों के प्रति आगाह किया।उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने प्रत्येक वोट के महत्व और राष्ट्र पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया।पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत दर्शकों को 2014 के चुनावों में उनके वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाते हुए की।जिसके कारण भाजपा-एनडीए सरकार बनी और भ्रष्ट कांग्रेस शासन को हटाया गया।उन्होंने अपने नेतृत्व में भारत द्वारा देखी गई उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया,अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर के निर्माण और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को महत्वपूर्ण मील के पत्थर बताया।पीएम मोदी ने इन खतरों के खिलाफ की गई निर्णायक कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा,₹आज,भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।चाहे वह नक्सलवाद हो या आतंकवाद,अब वे अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।₹अपनी सरकार और पिछली कांग्रेस सरकार के बीच अंतर को उजागर करते हुए,पीएम मोदी ने ₹पाकिस्तान को प्रेम पत्र₹ और उसके बाद हुए आतंकवादी हमलों के युग को याद किया।

उन्होंने कहा, आज,नया भारत डोजियर नहीं देता है,यह उनके घर में घुसकर हमला करता है,₹उन्होंने सर्जिकल और एयरस्ट्राइक ऑपरेशन का जिक्र किया जिसने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया।अपनी दशकों की सेवा को दशार्ते हुए,पीएम मोदी ने राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और भ्रष्टाचार को मिटाने के प्रति अपने समर्पण पर जोर दिया।उन्होंने लोगों द्वारा उन पर रखे गए भरोसे के महत्व पर जोर देते हुए कहा आपके आशीर्वाद से,मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं करीब 25 साल से सीएम और पीएम के तौर पर देश की सेवा कर रहा हूं।आपके आशीर्वाद से मुझ पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।मेरी मां और बहनों की दुआएं मेरे लिए काफी हैं।मैं अभी भी सत्ता,प्-ाप्रतिष्ठा और आराम से दूर हूं।मोदी का जन्म सुख-सुविधा के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के लिए हुआ है।₹जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन के नेताओं द्वारा धन संचय के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने उनके भ्रष्ट आचरण की निंदा की और उनके स्वार्थी इरादों की तुलना विकसित भारत के अपने विजन से की।उन्होंने कहा,₹मेरे उत्तराधिकारी आप सभी,आपके बच्चे,आपके पोते-पोतियां हैं।₹उन्होंने हर भारतीय को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की योजनाओं का गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है।उन्होंने पलामू का उदाहरण दिया,जहां आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसी पहलों ने बुनियादी ढांचे और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,₹पलामू में महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले और बाद में,आज बहुत बड़ा अंतर है।₹उन्होंने इस क्षेत्र में पक्के घरों,बिजली की पहुंच और डिजिटल कनेक्टिविटी में वृद्धि का उल्लेख किया।कांग्रेस और उसके सहयोगियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दर्शकों को आरक्षण नीतियों को कमजोर करने और राजनीतिक लाभ के लिए संसाधनों का दोहन करने के उनके इरादों के बारे में आगाह किया।उन्होंने लोगों से ऐसी विभाजनकारी राजनीति को खारिज करने और भाजपा-एनडीए गठबंधन का समर्थन करने का आग्रह किया,जिसने लगातार आदिवासियों और हाशिए के समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,₹पिछले 10 वर्षों में,मोदी ने आपको एक पक्का घर, बिजली,गैस,पानी दिया है।₹उन्होंने लोगों से आगामी चुनावों में अपना समर्थन जारी रखने का आग्रह किया।प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और पलामू के लोगों से 13 मई को विकास और प्रगति के लिए वोट करने का आह्वान किया।

कालसर्प, पितृदोष एवं समस्त अमंगलों को दूर करती है भागवत : अर्द्धमौनी

वसुन्धरा कालोनी समिति, निकट मण्डी समिति, मझोला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस कथा व्यास एवं धर्मगुरु आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि सुदामा भक्ति एवं गोपी भक्ति से भगवान को अपना बनाया जा सकता है।यह सर्वस्व न्यौछावर करने का भाव है। श्रीमद्भागवत कथा समस्त अमंगलों से बचाकर भगवान की कृपा दिलाने वाली है। पितृदोष, कालसर्प दोष एवं समस्त व्याधियों से बचाकर दीघार्यु बनाती है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं के समस्त ऋणों से मुक्त कराकर साक्षात परम भगवान श्रीहरि से जोड़ती है। भगवान के प्रति की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। चूँकि भगवान शाश्वत है अतः। उनकी सेवा में लगाई गई बुद्धि या उनके प्रति किया गया कोई भी। कार्य स्थाई होता है। भगवद्गीता में कहा गया है कि भगवान के प्रति की गई ऐसी दिव्य सेवा जन्म जन्मांतर तक संचित होती जाती है और जब भक्त पूर्ण रूप से परिपक्व हो जाता है, तो उसकी सारी सेवा को जोड़ कर देने पर भगवान के सानिध्य में जाने के योग्य हो जाता है। भगवान की ऐसे संचित सेवा कभी विनिष्ट नहीं होती है अपितु परिपक्व होने तक बढ़ती जाती है।

भगवान कृष्ण के साथ अपने सम्बन्ध को फिर से जोड़ने पर, वह समझ सकेगा कि निजी भोग के लिए किसी वस्तु को स्वीकार करने से, अनुरक्ति उत्पन्न होगी और इस तरह वह माया के द्वारा विमोहित कर लिया जायेगा। क्रमशः आध्यात्मिक शरीर विकसित करने से, मनुष्य जगत के अन्दर किसी वस्तु को भोगना नहीं चाहेगा।

व्यवस्था में महेन्द्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, श्रीमती मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डोली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, अशोक सक्सैना, पं० राजकिशोर शास्त्री, रानी सैनी, वृन्दावन महाराज आदि ने सहयोग दिया-अर्द्धमौनी ।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा अभिमन्यु गुप्ता

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

विश्व रेडक्रॉस दिवस के पावन अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321_1 एवं टाटा मोटर्स दिल्ली रोड काठा के सहयोग से जिला संयुक्त अस्पताल बागपत के रक्त बैंक प्रभारी डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स दिल्ली रोड काटा मैं किया जाएगा यह जानकारी प्रदान करते हुए जिला रेडक्रास समिति बागपत के सचिव एवं रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक लायन अभिमन्यु गुप्ता ने देते हुए बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस को बागपत जनपद में बड़े उत्साह से मनाया जाएगा रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए शिविर संयोजकटाटा मोटर्स के प्रबंधक नीरज कपूर जी संयोजक लायन कपिल गुप्ता लायन अंशुल जैन जिला रेड क्रॉस समिति के प्रभारी डॉक्टर एमएम भदोरिया अपार मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागपत जनसंपर्क कर नागरिकों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं ।

हमें भाजपा से महिला सुरक्षा के बारे में सीखने की जरूरत नहीं है : अभिषेक

नानूर/रानीगंज (प.बंगाल) (भाषा) तृणमोंल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाने के लिए शुक्रवार को आलोचना की। बनर्जी ने साथ ही यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में शामिल थे। बनर्जी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कोलकाता को देश का सबसे सुरक्षित शहर बताया गया है। उन्होंने कहा, आप (प्रधानमंत्री) बंगाल आते हैं और महिलाओं पर अत्याचार और उनकी सुरक्षा के बारे में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन आपके पास बृजभूषण सिंह जैसे नेता हैं जिनके खिलाफ पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सिंह के बेटे को उम्मीदवार बनाया है... भाजपा ने उस व्यक्ति को भी टिकट दिया है जिसके बेटे ने लखीमपुर खीरी में प्रदर्शनकारी किसानों पर कार चढ़ा दी थी और उस घटना में कई किसान मारे गए थे। कल राजभवन में काम करने वाली एक बहन ने राज्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। क्या हमें इन लोगों से महिला सुरक्षा के बारे में सीखने की जरूरत है? उन्होंने पिछले तीन-चार साल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र की ओर से पश्चिम बंगाल को दी गई राशि की विस्तृत जानकारी मांगते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एक श्वेत पत्र लाने की अपील की । अभिषेक बनर्जी ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर मोदी साबित कर दें कि उनकी सरकार ने योजना के तहत एक पैसा भी दिया है तो वह लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार बंद कर देंगे।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों को राशि जारी नहीं करने की साजिश की। मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि भाषण देने के बजाय वह ह्यश्वेत पत्रह्ल जारी करें जिसमें आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल के लोगों को दिए गए धन की विस्तृत जानकारी हो।

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी रानीगंज एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मोदी द्वारा जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के समर्थन में एक रैली में भाग लेने का भी जिक्र किया। प्रज्वल रेवन्ना पर महिलाओं के यौन शोषण का आरोप लगा है। बनर्जी ने पार्टी नेताओं के साथ रैलियां करने के लिए भी मोदी की आलोचना की, जो बंगालियों को रोहिंग्या, मुसलमानों को पाकिस्तानी और सिखों को खालिस्तानी बता रहे हैं।

मोदी जी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सिंह के बेटे को उम्मीदवार बनाया है... भाजपा ने उस व्यक्ति को भी टिकट दिया है जिसके बेटे ने लखीमपुर खीरी में प्रदर्शनकारी किसानों पर कार चढ़ा दी थी

राहुल का रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला रणनीतिक, इसलिए भाजपा परेशान : श्रीनेत

मुंबई (भाषा) कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला "रणनीतिक" है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने 'पीटीआ-ई-वीडियो' सेवा से कहा कि भाजपा परेशान है क्योंकि उसे पता है कि यह फैसला कितना महत्वपूर्ण और रणनीतिक है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी ने वर्ष 2004 से 2024 तक रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि वह अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गई हैं। राहुल केरल के वायनाड से सांसद हैं और उस सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं।

श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश से तीन बार और केरल से एक बार निर्वाचित होने की क्षमता रखते हैं। वह विंध्य पर्वत के उत्तर और दक्षिण से चुनाव लड़ सकते हैं। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक से चुनाव लड़ सकते हैं? क्या ये राज्य भारत का हिस्सा नहीं हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा राहुल गांधी को राजनीतिक पर्यटक कहे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीनेता ने कहा कि यह बयान 'मूर्खतापूर्ण' है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाते हुए कहा, फडणवीस उस सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं, जो चोरी-छिपे बनाई गई थी। वह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजीत पवार मुंबई और महाराष्ट्र के अधिकारों और व्यवसायों की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, जो गुजरात जा रहे हैं।

'इंडिया' गठबंधन का प्रधानमंत्री सबको समान भाव से देखेगा, चुनाव के बाद साथ आएंगे सभी विपक्षी दल: थरूर

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के नेता शशि थरूर ने कहा है कि एक साथ या एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे विपक्षी दल लोकसभा चुनाव के बाद साथ आ जाएंगे और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार में लोगों को ऐसा प्रधानमंत्री मिलेगा, जो सबको समान भाव से देखता हो और दूसरों की बात सुनता हो।

थरूर ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में चार जून को मतगणना के बाद विपक्षी दलों के एकजुट होने के बारे में अपनी बात में तृणमूल कांग्रेस को शामिल करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार को लेकर डरने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, ''एकदलीय सरकारों की तुलना में ऐसी (गठबंधन) सरकारों का भारतीय अर्थव्यवस्था की आर्थिक संवृद्धि दर के मामले में प्रदर्शन बेहतर रहा है।''

थरूर ने कहा कि यह ''परिवर्तन'' का चुनाव है और भाजपा ने विमर्श पर अपनी ''पकड़ खो दी है।''

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य थरूर ने अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होने के पार्टी के फैसले का भी बचाव किया और कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था क्योंकि यह ''प्रधानमंत्री मोदी के जोर-शोर से महिमामंडन के लिए एक राजनीतिक मंच था।'' बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, ''मेरे विचार से अगर हमने ऐसा किया होता, तो यह एक गलती होती। एक विशुद्ध राजनीतिक फैसले के तौर पर देखें, तो यह सही निर्णय था।''

थरूर ने कहा कि यह सच है कि गठबंधन सरकार एकदलीय सरकार से बहुत अलग तरह से काम करती है।

उन्होंने कहा, ''श्री मोदी की शैली, उनके व्यक्तित्व और भाजपा के शासन के तरीके को देखते हुए, मुझे लगता

है कि यह कहना उचित होगा कि यह (इंडिया गठबंधन की सरकार) बीते दस वर्ष की इस सरकार से बहुत अलग होगी।'' उन्होंने विश्वास जताया कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन अगली सरकार बनाएगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गठबंधन सरकारों के साथ भारत की जनता का रिकॉर्ड और अनुभव काफी अच्छा रहा है। थरूर ने कहा, ''गठबंधन सरकार का एक लाभ यह होगा कि जो भी प्रधानमंत्री बनेगा वह निरंकुश प्रवृत्ति का नहीं होगा... उसे दूसरों को ध्यान में रखना होगा। सच कहूं तो, संसदीय प्रणाली शासन का उत्कृष्ट राजनीतिक सिद्धांत है, जिसे हमने अपनाया है। लेकिन अभी हम ऐसी संसदीय प्रणाली देख रहे हैं, जिसे राष्ट्रपति प्रणाली की तरह चलाया जा रहा है, जो दोनों प्रणालियों का सबसे बुरा रूप है।''

उन्होंने कहा, ''यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो आप लंबे समय के बाद आप ऐसा प्रधानमंत्री देखेंगे, जो सबको समान भाव से देखता हो, दूसरों की बात सुनता हो, उनकी बात पर गौर करता हो और अच्छा प्रबंधक हो।''

उन्होंने कहा, ''श्री (अटल बिहारी) वाजपेयी को कई मायनों में सर्वसम्मति कायम करने वाले व्यक्ति की एक उत्कृष्ट मिसाल के तौर पर देखा जाता है। उनके पास बहुमत नहीं था, इसके अलावा... उनके गठबंधन में 26 पार्टियां थीं, लेकिन उनकी सरकार प्रभावी तरीके से काम कर पाई, साथ ही उन्होंने भारतीयों को आश्वस्त किया कि उनके पास एक ऐसी सरकार है, जो काम कर रही है।''

लेखक और नेता थरूर ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की शासन शैली की भी सराहना की और कहा कि वह अपने आर्थिक लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में ''निरंतर'' आगे बढ़े और भारत के अब तक के सबसे अच्छे विकास काल के अगुवा रहे।

संप्रग-1 गठबंधन के टूटने, वाम दलों के समर्थन वापस लेने और संप्रग-2 का हिस्सा नहीं बनने पर बात करते हुए थरूर ने कहा कि हमेशा कोई ऐसा मुद्दा होता है जिसको लेकर एक प्रधानमंत्री को अपनी सरकार में शामिल एक या अधिक दलों के लिए सीमा रेखा खींचनी पड़ सकती है।

थरूर ने कहा, ''मुझे लगता है... गठबंधन सरकार को लेकर डरने की कोई बात नहीं है। मैंने जिन मतदाताओं से बात की, उनमें से अधिकतर की सोच थी कि मैं जिस उम्मीदवार को वोट दे रहा हूं वह कौन है, वह किन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है, उसके जीतने से दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी और वह सरकार कैसे काम करेगी।''

केरल में कांग्रेस और वाम दलों के बीच टकराव को लेकर 'इंडिया' गठबंधन में उपजे विरोधाभासों और इससे गठबंधन सरकार के गठन में बाधा आने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और उससे पहले वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भी तो चुनाव के बाद बना था। उन्होंने कहा, ''सच्चाई यह है कि हमारे देश में गठबंधन चुनाव के बाद बनते हैं... यह एक असामान्य मामला है, जिसमें मतदान से पहले ही लोगों को एक साथ लाने का गंभीर प्रयास किया गया। हम सभी इस बात को लेकर स्पष्ट थे कि गठबंधन अलग-अलग राज्य के आधार पर काम करेगा।''

केरल का उदाहरण देते हुए थरूर ने कहा कि यह अकल्पनीय था कि राज्य में यूडीएफ का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस और एलडीएफ का नेतृत्व करने वाले वामपंथी कभी साथ आएंगे। उन्होंने कहा, ''हम पिछले 55 वर्ष से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं, आमने-सामने रहे हैं और पिछले चुनाव तक बारी-बारी से सत्ता में रहे, इसलिए इसके व्यवहार्य होने का कोई सवाल ही नहीं था। केरल के पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में वही दल माकपा, भाकपा, मुस्लिम लीग और द्रमुक हमारे साझेदार हैं और रहेंगे। इसमें कोई समस्या नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि चार जून को मतगणना के दिन तृणमूल समेत ये सभी दल, चाहे वे एक साथ या एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे हों, नतीजे हमारे पक्ष में आने पर भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए साथ आ जाएंगे।''

थरूर ने कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने वाली पार्टियों में उनके दोस्त हैं, जो उनसे कह रहे हैं कि चार जून के बाद ''हम साथ मिलकर काम करेंगे''। थरूर के अनुसार, पहले चरण के मतदान से पहले ही ''अहंकारी विमर्श'' खत्म हो चुका था। कांग्रेस नेता ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हम आने वाले कुछ समय तक लोगों को दोबारा 'अबकी बार 400 पार' कहते हुए सुन पाएंगे।''

अमित शाह फर्जी वीडियो मामला: दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है।''

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है जिन्होंने सोशल मीडिया पर अमित शाह का कथित फर्जी वीडियो अपलोड किया और इसे पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ साझा भी किया।

बीरेड्डी को गिरफ्तार करने के बाद उसे शुक्रवार रात यहां एक अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उसे पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि बीरेड्डी से पूछताछ शुरू हो गई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने शाह के फर्जी वीडियो को लेकर 'इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर' (आई4सी) की शिकायत पर रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। दिल्ली पुलिस ने इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना), 153ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना), 465 (जालसाजी), 469 (किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जालसाजी) और 171जी (चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66सी के तहत मामला दर्ज किया है।

लवली, राजकुमार चौहान समेत भाजपा में शामिल हुए दिल्ली कांग्रेस के कई नेता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे।

लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

ऐसा माना जाता है कि वह और कुछ अन्य नेता इस बात से नाराज थे कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कन्हैया कुमार और उदित राज को उम्मीदवार बनाया।

लवली की भाजपा में यह दूसरी पारी होगी क्योंकि वह 2018 में पार्टी (भाजपा) में कुछ समय रहने के बाद इसे छोड़कर फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

पुरी ने इन नेताओं की प्रशंसा की और कहा कि भाजपा उनकी सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करेगी।

उत्तर पूर्वी दिल्ली में 'होर्डिंग' गिरने से ऑटो रिक्शा चालक घायल

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी बाजार में शनिवार तड़के एक क्षतिग्रस्त 'साइनेज होर्डिंग' गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तड़के 3.30 बजे ऑटो रिक्शा चालक अजब सिंह (42) उर्फ अजय एक बेंच पर बैठा था कि तभी एक ट्रक होर्डिंग वाले खंभे से टकराया जिसके बाद धातु का बोर्ड उसके ऊपर गिर गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा कि सिंह को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर है। घटना में सिंह का ऑटो रिक्शा और एक महिंद्रा पिकअप वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। टिर्की ने कहा, 'क्रेन बुलाई गई और क्षतिग्रस्त 'होर्डिंग' को हटा दिया गया।' गोकुलपुरी पुलिस थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने और दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने से संबंधित आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया।

हरियाणा न्यायिक सेवा प्रश्न पत्र लीक मामला: सुनवाई पूरी करने के लिए अदालत को और तीन महीना मिला

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक) प्रारंभिक परीक्षा, 2017 के प्रश्न पत्र कथित तौर पर लीक होने से संबंधित मामले में कार्यवाही पूरी करने के लिए एक निचली अदालत को और तीन महीने का समय दिया है।

इससे पहले, यह निर्देश दिया गया था कि मामले की सुनवाई दैनिक आधार पर की जाए।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय सराहना करेगा, यदि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मामले को दैनिक आधार पर सुनते हैं और केवल अपरिहार्य कारणों से दोनों पक्षों को स्थगन प्रदान करते हैं।

उच्च न्यायालय ने जनवरी में निचली अदालत को मामले की कार्यवाही में तेजी लाने और इसकी सुनवाई दैनिक आधार पर करने को कहा था।

पिछले आदेश के अनुसार, निचली अदालत के न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय को एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया है कि मामले का विवरण बहुत बड़ा है क्योंकि मुकदमे का सामना कर रहे

आरोपियों के खिलाफ सात आरोप पत्र दाखिल किये गए हैं।

निचली अदालत के न्यायाधीश ने पत्र में कहा कि मामले में 19 आरोपी और 85 गवाह हैं। उन्होंने मामले के निस्तारण के लिए कम से कम छह महीने का समय मांगा।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक चरणजीत सिंह बख्शी और वकील अमित साहनी ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद मामले को दैनिक आधार पर नहीं सुना गया। उन्होंने उच्च न्यायालय से निचली अदालत को ऐसा करने का निर्देश देने का आग्रह किया।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश के पत्र से संकेत मिलता है कि पिछले आदेश के बाद मामला आगे बढ़ गया है। उच्च न्यायालय ने कहा, ''केवल कुछ अपरिहार्य कारणों से ही स्थगन दिया जा सकता है। इसलिए ग्रीष्मावकाश को छोड़कर तीन महीने का और समय दिया जाता है। निचली अदालत को इस समय-सीमा के भीतर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया जाता है।''

मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर के लिए सूचीबद्ध की जाती है।

उच्च न्यायालय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व रजिस्ट्रार (भर्ती) बलविंदर कुमार शर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एक गवाह से जिरह के लिए दस्तावेज तलब करने की उनकी अर्जी खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है।

प्रश्न पत्र लीक से जुड़े मामले में 2017 में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

राहुल गांधी ने प्रज्वल रेवन्ना मामले में पीड़िताओं को मदद देने के लिए सिद्धरमैया को पत्र लिखा

नयी दिल्ली/बेंगलुरु, (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो।

गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, "मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें।" उन्होंने कहा, "वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दी जाए।" संबंधित घटनाओं को ''भयावह यौन हिंसा'' करार देते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया।

गांधी ने कहा, "उनमें से कई महिलाएं, जो उसे भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। हमारी माताओं और बहनों

से दुष्कर्म के लिए सबसे सख्त सजा दिए जाने की आवश्यकता है।" कांग्रेस नेता ने कहा, "मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को बताया था।"

उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक ''बलात्कारी'' के लिए प्रचार किया।

गांधी ने कहा, "इसके अलावा केंद्र सरकार ने जानबूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया ताकि जांच को नुकसान पहुंचाया जा सके। इन अपराधों की प्रकृति को देखते हुए और प्रधानमंत्री व गृह मंत्री का सिर पर हाथ होने से जद-एस नेता को मिले फायदे की कड़ी निंदा होनी चाहिए।" उन्होंने आरोप लगाया, "अपने दो दशकों के जनसेवा इतिहास में मैंने कभी ऐसा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर निरंतर चुप्पी साधे रखी हो। हरियाणा की हमारी पहलवानों से लेकर मणिपुर की हमारी बहनों तक सभी भारतीय महिलाओं को ऐसे अपराधियों को प्रधानमंत्री के मौन समर्थन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।"

गांधी ने कहा कि माताओं और बहनों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कांग्रेस का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, "मैं जानता हूं कि कर्नाटक सरकार ने इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और प्रधानमंत्री से प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने व उन्हें जल्द से जल्द भारत लाए जाने का अनुरोध भी किया है।"

सिद्धरमैया ने 'एक्स' पर राहुल के पत्र को पोस्ट किया और आश्वासन दिया कि उनकी सरकार प्रज्वल रेवन्ना द्वारा दुष्कर्म और अन्याय की शिकार महिलाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने 'एक्स' पर लिखा, "प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े हालिया मामले ने देश को झकझोरकर रख दिया है। हमारी कानून व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए पीड़िताओं को न्याय दिलाना महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी ने पत्र लिखकर पीड़िताओं के समर्थन पर जोर दिया है। हम निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" सिद्धरमैया ने कहा, "निष्पक्ष जांच की जाएगी और मामले में चाहे कितने भी प्रभावशाली लोग शामिल हों, उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस, एनएसजी ने आईजीआई मेट्रो स्टेशन, स्कूल में सुरक्षा अभ्यास किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के साथ मिलकर शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई), राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में सुरक्षा अभ्यास किया।

लगभग 200 विद्यालयों को बम की झूठी खबर मिलने के कुछ दिन बाद यह अभ्यास किया गया। एनएसजी कमांडो और दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार रात 10 बजे आईजीआई हवाई अड्डे पर अभ्यास किया।

अभ्यास के हिस्से के रूप में हवाई अड्डे की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को एक नकली आतंकी हमले के बारे में सूचना दी गई।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(डीडीएमए) जैसी अन्य एजेंसियां भी इस अभ्यास में शामिल हुईं। यह अभ्यास कम से कम आधा घंटे तक चला।

पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) ने संवाददाताओं से कहा, "घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह एक आतंकी हमले के खिलाफ सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) है, जिसे अन्य एजेंसियों के साथ समन्वित तरीके से आयोजित किया जा रहा है।"

ठीक इसी तरह का अभ्यास राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर रात एक बजे और हैदराबाद हाउस में रात 1.30 बजे किया गया। आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रात तीन बजे सुरक्षा अभ्यास किया गया। स्कूल में सुरक्षाकर्मियों ने आतंकी हमले और बम लगाने जैसी घटनाओं के खिलाफ अपनी तैयारियों का अभ्यास किया।

इससे पहले शुक्रवार को ताज पैलेस होटल, द्वारका स्थित यशो भूमि, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और नए संसद भवन में सुरक्षा अभ्यास किया गया।

दिल्ली आबकारी नीति धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में विनोद चौहान नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा इस मामले में यह 18वीं गिरफ्तारी है। चौहान पर 'साउथ ग्रुप' द्वारा दी गई कथित रिश्वत की राशि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रचार अभियान के लिए हस्तांतरित करने का आरोप है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव

की बेटी के. कविता और कई शराब व्यवसायियों और अन्य को संघीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में अदालत के समक्ष पेश किए गए एक आधिकारिक दस्तावेज में चौहान की कथित भूमिका का उल्लेख किया था।

एजेंसी ने दावा किया, "के कविता के स्टाफ के एक सदस्य से पता चला कि उसने अभिषेक बोइनपल्ली के निर्देश पर आरोपी दिनेश अरोड़ा के कार्यालय से नकदी से भरे दो भारी बैग एकत्र किए और विनोद चौहान को दिए। बाद में उसने नयी दिल्ली के टोडापुर, नारायणा के पास एक पते से नकदी से भरे दो ऐसे बैग एकत्र किए और फिर से इसे विनोद चौहान को सौंप दिया।

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की थी।

बाद में ईडी ने धन शोध निवारण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया था।

एअर इंडिया ने न्यूनतम किराया श्रेणी में केबिन में सामान रखने की क्षमता 15 किलोग्राम की

नयी दिल्ली, (भाषा) घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराये वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दिया है।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने पिछले अगस्त में पेश मूल्य निर्धारण मॉडल में बदलाव किया है। एयरलाइन ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है।

एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं - कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग-अलग मूल्य पर अलग-अलग सुविधाएं प्रदान करते हैं।

गूगल ने डूडल के मा ध्यम से 'भारत की पहली महिला पहलवान' हमीदा बानो को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली, (भाषा) सर्च इंजन गूगल ने शनिवार को अपने होमपेज पर रंगीन डूडल के माध्यम से ''भारत की पहली महिला पहलवान'' के रुप में हमीदा बानो को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वर्ष 1954 में आज ही के दिन हमीदा बानो ने मशहूर पहलवान बाबा पहलवान को सिर्फ एक मिनट 34 सेकेंड में हरा दिया था। इस हार के बाद जहां बाबा पहलवान ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास लेना उचित समझा, वहीं बानू का करियर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों तक फैल गया और उनकी जीत की चर्चा दुनिया भर में हुई।

वर्ष 1900 के दशक की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पास पहलवानों के एक परिवार में जन्मी बानो ने अपने पूरे करियर में कुल 300 से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। पहलवानी में उनका करियर 1940 और 1950 के दशक में रहा। बानो ने कुश्ती के क्षेत्र में उस दौर में बड़ा नाम कमाया, जब एथलेटिक्स में महिलाओं को भाग लेने से हतोत्साहित किया जाता था।

गूगल ने एक पोस्ट में लिखा कि बानो ने पुरुषों के साथ प्रतिस्पर्धा की और सभी पुरुष पहलवानों को एक खुली चुनौती दी थी कि जो भी उसे हराएगा, वह उससे शादी करेगी।

अंतरराष्ट्रीय मैचों में बानो की सफलता से उन्हें और भी प्रशंसा मिली। इनमें से एक मुकाबला रूसी महिला पहलवान वेरा चिस्टिलिन के खिलाफ था, जिसे उन्होंने दो मिनट के भीतर हरा दिया था।cवर्षों तक अख़बारों की सुर्खियाँ बटोरने वाली बानो को 'अलीगढ़ की अमेज़न' कहा जाने लगा।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उनका वजन 108 किलोग्राम था और उनकी लंबाई 5 फुट 3 इंच थी।cबीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ''उनके दैनिक आहार में 5.6 लीटर दूध, 2.8 लीटर सूप, 1.8 लीटर फलों का रस, एक मुर्गा, लगभग 1 किलोग्राम मटन और बादाम, आधा किलोग्राम मक्खन, 6 अंडे, दो बड़ी रोटियां और दो प्लेट बिरयानी शामिल थी।'' समाचार एजेन्सी रायटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वह नौ घंटे सोती थीं और छह घंटे प्रशिक्षण लेती थीं।

''अपने समय की पथप्रदर्शक'' बानो ने न केवल साथी पहलवानों से, बल्कि अपने समय के मानदंडों से भी मुकाबला किया।

गूगल ने एक नोट में लिखा है, ''हमीदा बानो अपने समय की अग्रणी महिला थीं और उनकी निडरता को पूरे भारत और दुनिया भर में याद किया जाता है। उनकी खेल उपलब्धियों के अलावा, उन्हें हमेशा खुद के प्रति सच्चा और ईमानदार रहने के लिए याद रखा जाएगा।''

न्यूज ब्रीफ

विधायक आवास पर लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नेशनल एक्सप्रेस/रामपुर/स्वार। क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी के कैंप कार्यालय निकट भारतीय स्टेट बैंक बिलासपुर चौराहा स्वार पर हज यात्रियों के लिए टीकाकरण के कैंप का आयोजन किया गया। विधानसभा 34 स्वार टांडा से जाने वाले हज यात्रियों के लिए टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर लगाया। सुबह से ही हाजियो का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पहले स्वास्थ्य कर्मियों ने हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद एक-एक कर विधानसभा से हज यात्रा पर जाने वाले 308 यात्रियों को वैक्सीन लगाई। हज ट्रेनर हाजी शमीम शमसी ने प्रशिक्षण दिया। टीकाकरण शिविर में जिले से आए चिकित्सक नर्स आदि मौजूद रहे।

विधायक ने किया हमजा डेंटल केयर का उद्घाटन

नेशनल एक्सप्रेस इमरान हुसैन

रामपुर/स्वार। क्षेत्र में हमजा डेंटल केयर विदाई मेरिज हॉल रोड स्वार का फीता काटकर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने उद्घाटन किया। हमजा डेंटल केयर की ग्रांड ओपनिंग शेरेमनी में विधायक शफीक अहमद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने हमजा डेंटल केयर का फीता काटकर उद्घाटन किया। हमजा डेंटल केयर के स्वामी डॉक्टर शाकिब ने विधायक को हमजा डेंटल केयर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। हमजा डेंटल केयर में दांतों की नसों का इलाज, टूटे हुए दांतों का इलाज, दांतों से खून एवं बदबू आना, पायरिया का इलाज, टेढ़े मेढ़े दांतों का इलाज, बत्तीसी लगाना, दांत के रंग का मसाला भरना, अकल दाढ़ की सर्जरी, बिना दर्द के दाँत निकालना, मुह कम खुलना, एवं दांत में ठंडा गरम पानी लगने का इलाज किया जायेगा।

इस मौके पर जमील अहमद मेम्बर, शाहिद, हाजी सलीम अहमद, कासिम, रफीक, इदरीस खां, फेजान, तालिब, इरफान अल्वी, अली हसन आदि लोग मौजूद रहे।

डीपीएम ने किया सीएचसी शाहबाद का निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस शावेज अली

शाहबाद/रामपुर। शनिवार को डीपीएम संजीव राठौर और प्रोग्राम असिस्टेंट रविन्द्र सिंह ने किया नगर शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण। जिसमें सफाई व्यवस्था और अग्निशमन यंत्र एवं स्टाफ का व्यवस्था प्याऊ जल की व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चंदेल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.मौ. जुबैर , डा.अल्का रानी, स्टाफ नर्स राम सती, और एल.टी.स्टाफ कुंदन मौर्य, समीर अली, सुहैब अख्तर, यतेंद्र श्रीवास्तव , वार्ड बॉय विक्की और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

समय से अपने वाहन निश्चित स्थान पर लाना सुनिश्चित करें: डीएम

नेशनल एक्सप्रेस

मुरादाबाद।जैसा कि सभी जनपदवासियों को विदित है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 8-सम्भल के तहत जनपद मुरादाबाद में तृत्तीय चरण का चुनाव दिनांक 07 मई, 2024 को निश्चित है। निर्वाचन कार्य में यातायात व्यवस्था वाहनों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिए दिनांक 04 मई, 2024 की अपरान्ह को हल्के एवं भारी वाहनों का निर्वाचन ड्यूटी हेतु अधिग्रहण आदेश प्रेषित किये गये थे। सभी वाहन स्वामियों से अनुरोध किया जाता है कि वह अपना वाहन दिये गये समय एवं स्थान पर समय से लाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जो वाहन स्वामी अधिग्रहण आदेश तामील होने के उपरान्त वाहन लेकर नहीं आते हैं, तो उनके खिलाफ धारा-167 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। मैं, जिलाधिकारी, मुरादाबाद जनपद वासियों से अपील करता हूं कि सभी वाहन स्वामी अपना वाहन समय से निश्चित स्थान पर लाना सुनिश्चित करें।

आरआरएम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

टूंडला। शनिवार को गांव बछगांव स्थित आर आर एम इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गांव बछगांव में आर आर एम इंटर कालेज के छात्राओं ने बछगांव चौराहे तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसमें उन्होंने बताया कि हम सब मिलकर इस मतदान के महापर्व में सबसे पहले 7 मई को मतदान करें और दूसरों को भी कराएं जिससे हम एक अच्छी सरकार बनाएं जो हमारे और हमारे देश के सभी व्यक्तियों के लिए देश को ताकतवर और विकासशील बनाए व शिक्षा को प्रभावशाली बनाए,बेरोजगारी दूर हो,देश मैं नए नए रोजगार स्थापित हो।जिसमें हम सभी का भविष्य उज्ज्वल हो सके। रैली में प्रधानाचार्य संजीव श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, मानवेंद्र शर्मा, रामप्रताप दीक्षित आदि मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा अधिकारों की जानकारी दी गई

नेशनल एक्सप्रेस/टूंडला। प्रथम शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला मे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत छात्राओं के साथ बाल एवं महिला अधिकारों पर चर्चा की गयी और छात्राओं को अपने अधिकारों के बारे मे बहुत ही बारीकी से बताया और समझाया गया। साथ ही बताया की वह कब और कैसे अपने अधिकारों को उपयोग कर सकती है।

जन सेवा केंद्र में चोरी की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार

अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर कब्जे से 36,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल हुई बरामद

नेशनल एक्सप्रेस / मौ अरशद

मुरादाबाद। महानगर के थाना कटघर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जैतिया सादुल्लापुर में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र में हुई घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आये 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर कब्जे से 36,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल बरामद की गईं बता दे की 01 मई बुधवार को समय करीब 11.00 बजे थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम जैतिया सादुल्लापुर में स्थित वादी ब्रजमोहन सिंह पुत्र इन्दल सिंह निवासी जैतिया सादुल्लापुर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की ग्राहक सेवा केन्द्र दुकान से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 70,000 रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी । उक्त संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-220/2024 धारा-380 भादवि बनाम अज्ञात मै मुकदमा दर्ज किया गया । उसके उपरांत घटनास्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारीगण के द्वारा किया गया । उक्त घटना के सफल अनावरण एंव संलिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में थाना कटघर पर टीम गठित की गयी । थाना कटघर पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 03 मई शुक्रवार को उक्त घटना का खुलासा करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगण आकाश उर्फ नन्ना पुत्र मोहन,टिंकू पुत्र कुंवरपाल निवासीगण जैतिया सादुल्लापुर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से 36,000/- रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गयी । आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि वे दोनों दोस्त हैं और नशा करते हैं, आकाश के द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले ही उसके भाई की शादी हुई है, शादी में हुए खर्चे की वजह से उस पर काफी कर्जा हो गया था । उक्त कर्जे को उतारने के लिये रुपयों की जरूरत थी । 30 अप्रेल मंगलवार को वह अपने गाँव में ब्रजमोहन के ग्राहक सेवा केन्द्र से पैसे निकालने के लिये गया था, इसी समय उसने ब्रजमोहन के गल्ले में रखे हुए रुपये देख लिये थे, जिनको देखकर मन में लालच आ गया था । टिंकू उसका दोस्त है । टिंकू को भी पैसों की जरूरत थी । आकाश ने टिंकू को ब्रजमोहन के ग्राहक सेवा केन्द्र में रखे रुपये के बारे में बताया तो टिंकू के मन में भी पैसों का लालच आ गया था और इन दोनों ने ब्रजमोहन के ग्राहक सेवा केन्द्र से रुपये ले जाने की योजना बनाई । 01 मई बुधवार की सुबह जब ब्रजमोहन अपने ग्राहक सेवा केन्द्र पर नहीं था तो ये दोनों अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से ब्रजमोहन के ग्राहक सेवा केन्द्र पर गये थे । इन दोनों को ब्रजमोहन के ग्राहक सेवा केन्द्र पर उसका लड़का मिला था, इन्होने लड़के को कोल्ड्रिंक्स लेने के लिये भेजा तो लड़का मना कर रहा था, तब इन्होने लड़के को जबरदस्ती कोल्ड्रिंक्स लेने के लिये भेज दिया था, लेकिन जब ये दोनों ग्राहक सेवा केन्द्र का गल्ला तोड़कर रुपये ले रहे थे तो लड़का आ गया था और रोने लगा था तब दोनों ने लड़के को चुप कराने के लिये डराया था और दोनों रुपय लेकर वहाँ से भाग गये थे तथा बताया कि हम दोनो ने पैसे का बंटवारा किया तो कुल 42,000/- रुपये में से प्रत्येक के हिस्से में 21,000/- रुपये आये थे । कुछ पैसे खर्च हो गये और शेष रुपये बरामद कर लिये गए हैं ।

रामपुर के निकाय क्षेत्रों में जलकर तथा गृहकर में हो रही वृद्धि

डीएम ने दिए फॉगिग सहित साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस इमरान हुसैन

रामपुर। अधिशासी अधिकारियों के साथ जलकर एवं गृहकर को लेकर समय-समय पर की जा रही बैठकों के पश्चात लगभग 30200 भवनों की संख्या में वृद्धि हुई है और अब निकाय क्षेत्रों में कुल चिन्हित भवनों की संख्या 85886 हो गई है। इसके आधार पर पालिका कर्मचारियों द्वारा जलकर/गृहकर वसूले जाने की कार्यवाही प्रभावी बनाने की तैयारी है। इन नगर पालिकाओं में से स्वार नगरपालिका एवं शाहबाद नगर पंचायत ऐसी पालिकायें हैं जिनके द्वारा पूर्व में किसी प्रकार का जलकर एवं गृहकर वसूला नहीं जाता था। जिलाधिकारी के निदेर्शों के पश्चात सभी पालिकाओं में वार्डवार बनवाये गये रजिस्टरों से इन नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में भी जलकर एवं गृहकर वसूले जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इससे भविष्य में जलकर/गृहकर चोरी पर भी रोकथाम लगेगी तथा वित्तीय संसाधनों में वृद्धि होगी। जनपद की 03 नवसृजित नगर पंचायतें हैं जिनके द्वारा भवनों के चिन्हिकरण की कार्यवाही लगातार चल रही है। उसके पश्चात जनवरी 2025 से जलकर एवं गृहकर वसूली की कार्यवाही सुनिष्चित की जायेगी।जलकर/गृहकर में इसी प्रकार से वृद्धि लाये जाने हेतु निरन्तर कार्यवाही के निर्देश सभी अधिशासी अधिकारियों को दिये गये हैं। सभी अधिशासी अधिकारियों को नियमित रूप से फॉगिग कराये जाने और नियमित रूप से रात्रि 7:00 बजे सफाई अभियान चलाये जाने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को प्रभावी पर्यवेक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी-एसएसपी ने किया स्ट्रांग का निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ

मुरादाबाद। जनपद के जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह एवं एसएसपी हेमराज मीना द्वारा मण्डी समिति में बनाये स्ट्रांग रूम एवं सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा तथा सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सड़क दुर्घटना में घायल मिर्च कारोबारी की उपचार के दौरान मौत

नेशनल एक्सप्रेस इमरान हुसैन



रामपुर/स्वार। सड़क दुर्घटना में घायल हुए नगर के मिर्च कारोबारी की इलाज के दौरान मौत मौत हो गई। जैसे ही सूचना परिजनों को लगी घर में कोहराम मच गया। नगर निवासी मिर्च कारोबारी की उपचार के दौरान नगर के मिर्च कारोबारी 16 अप्रेल को कारोबार के सिलसिले में उत्तराखंड के रामनगर गए थे। वापस आते समय एम्बुलेंस ने सामने से टक्कर मारदी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला चक निवासी रईस अहमद उर्फ आजम मिर्च कारोबारी थे। 16 अप्रैल को कारोबार के लिए बाइक से उत्तराखण्ड के रामनगर गए थे। बताते है कि काम निपटाने के बाद घर वापस आ रहे थे रामनगर से कुछ दूर ही निकले थे कि सामने से आ रहे तेज रफ़्तार एम्बुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत बीच मार्ग पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह मदद की और काशीपुर सीएचसी पहुंचा दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए जिसके बाद वह काशीपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहाँ रईस आजम का इलाज चल रहा था। परिजन का कहना है कि सुधार नही होने पर वह मुरादाबाद ले गए और भर्ती कर लिया गया। शनिवार की सुबह 6 बजे अचानक हालत बिगड़ गई। जिससे उनकी इलाज के दौरान ही मौत हो गई। मिर्च कारोबारी की मौत से परिवार सहित साथ मे कारोबार करने वाले भी गमजदा है।

कब्रिस्तान की जगह पर अवैध रूप से कब्जा का प्रयास

नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ

मुरादाबादे महानगर के कटघर थाना क्षेत्र सत्यम सिनेमा के सामने मैदा मिल के बराबर में स्थित कब्रिस्तान को लेकर विवाद सामने आया है, जहां एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कब्रिस्तान की जगह पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया है।थाना गलशहीद क्षेत्र के मोहल्ला सम्भली गेट के रहने वाले मोहम्मद आसिम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारा खानदानी कब्रिस्तान है और 100 साल से ज्यादा से ही हमारे पास है, इस कब्रिस्तान में 30 अप्रैल को कुछ लोग जेसीबी मशीन लेकर और ईंटें लेकर इसमें जबरदस्ती कब्जा करने के लिए आए थे, यहां से कुछ लोग इकट्ठा हुए और हम इकट्ठा हुए तब वह लोग यहां से भाग गए और उसमें से दो-चार लोग कटघर थाने में चले गए, क्योंकि यह एरिया कटघर थाना क्षेत्र में लगता है, यह सभी लोग 23 अप्रैल की सुबह को आए थे उसके बाद जब हम कोतवाल साहब के पास पहुंचे तो वह लोग कागज दिखा रहे थे कि यह हमारी जगह है,वह गाटा 306 दिखा रहे थे जबकि यह गाटा संख्या 307 है, इस पर कोतवाल साहब ने कहा था की जगह की नापतोल कराई जाएगी,मगर अभी तक नापतोल नहीं कराई गई है, ओर हमारे कागज भी नहीं देखे गए फिलहाल इस पूरे प्रकरण में पीड़ित पक्ष ने मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,जिला अधिकारी महोदय के साथ-साथ आला अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है दरअसल दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि साहब हमारे इस कब्रिस्तान पर मोबिन खा पुत्र लड्डन अपने साथ अकरम पुत्र लल्ला चौधरी के साथ मिलकर इन के द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क हादसे में डॉ. कलीम असगर की मौत

नेशनल एक्सप्रेस / मौ अरशद

मुरादाबाद। महानगर के असालतपूरा क्षेत्र में क्लीनिक असगर क्लींनिक संचालक डॉ कलीम असगर की सड़क हादसे में मुरादाबाद से संभल मार्ग पर अपने प्रेतक घर सिरसी जाते वक़्त लगभग 4:00 बजे एक्सीडेंट हो गया यह घटना महमूदपुर माफी मै एक डंपर के ड्राइवर ने पीछे से डंपर चढ़ा दिया जिससे निचे का हिस्सा कुचल जाने के कारण डॉक्टर की मोके पर ही मौत हो गईं डॉ कलीम असगर की मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक के लिए दौड़ गई क्षेत्र वासियों ने उनकी मगफिरत की दुआए की परिवार वालों को सब्र की दुआए भी की गईं मृतक के भाई वसीम असगर द्वारा मामले की पूरी जानकारी दी गईं।

चोरों ने कुंबल लगाकर लाखों का माल समेटा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

रामपुर/स्वार। बीती रात चोरों ने किसान के घर में कूमल लगाकर 6 तोले सोने के आभूषण सहित 40 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। किसान कोतवाली पहुंचकर चोरी घटना की तहरीर पुलिस को देखकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत नरपत नगर दूदावाला के शेखूपुर निवासी जहूर खान पुत्र जमील खान ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया की शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसके मकान की दीवार में कूमल लगाकर चोर घर के संदूक के ताले तोड़कर उसमें रखे 6 तौलें सोने के आभूषण और 40 हजार रुपए की नकदी तांबे के बर्तन चोरी कर ले गए। शनिवार की सुबह जब वह नमाज पढ़ने के लिए उठा तो देखा घर में कूमल लगा पड़ा था और सामान बिखरा था संदूक में रखें सोने के आभूषण व नगदी गायब थी जिसे देख उसके होश उड़ गए। किसान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घंटना की रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की घटना का खुलासा शीघ्र किए जाने की मांग की है।

अली रेहान बने व्यापारियों के नगर महासचिव

नेशनल एक्सप्रेस इमरान हुसैन

रामपुर/स्वार। आलोकतांत्रिक ताकतें लोकतंत्र के लिए चुनौती बन गई हैं। लोकतंत्र पर भीड़ तंत्र हमलावर है। ऐसे में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नौजवानों की जिम्मेदारी ली है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने एवं पूंजीवादी, अवसरवादी तथा सांप्रदायिक राजनीति के विरुद्ध अभियान छेड़े। यह बात युवाओं के नेता अली रेहान अली ने व्यापार मंडल में नगर महासचिव का दायित्व मिलने, पर कही। उद्योग व्यापार प्रितिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि अली रेहान अली ने विपरीत परिस्थितियों में भी किसानों और नोजवानों की आवाज उठाई और आम जनता के उत्थान के लिए दर्जनों कार्य किए हैं। इस अवसर पर अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेद्र राठौर,परवेज अख़्तर, अनवर अली, इजहार हुसैन, राजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी आशीष सिंह व व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेत्र परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ

मुरादाबाद। महानगर के काशीपुर बस अड्डे पर शनिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत काशीपुर बस स्टैंड पर बस चालको एवं परिचालकों का नेत्र परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री प्रणव झा रहे' उन्होंने इस अवसर पर बस चालको को बताया कि वे प्रत्येक 6 माह के अंदर अपनी आंखों की जांच अवश्य करते रहा करें क्योंकि वे अपनी बसों में अनेकों सवारियों को लेकर चलते हैं जिनके पीछे एक भरा पूरा परिवार भी होता है।

इस नेत्र परीक्षण इस शिविर में 89 बस चालकों का नेत्र परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ' जिसमें आठ ड्राइवर को दूर दृष्टि दोष तथा मोतियाबिंद के शुरूआत के लक्षण पाए गए जिस पर इन लोगों को जिला अस्पताल में आने के लिए बताया गया है' स्वास्थ्य शिविर में आनंद निर्मल सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद, स्वास्थ्य विभाग की ओर से ,डॉक्टर मोनिका अमित ,आस्था प्रकाश ,साजिद, सुशील एवं काशीपुर बस यूनियन की ओर से अमित गुप्ता साजिद हुसैन एवं कपिल रस्तोगी उपस्थित रहे।

रोड शो में ही भीड़ नहीं जुटा सके भाजपा प्रत्याशी

■प्रत्याशी के लिए जीत का सपना अभी मील का पत्थर ■ लगभग पांच- सात सौ कार्यकर्ता ही रहे जुलूस में शामिल

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा अंशुल गुप्ता

चंदौसी- जो बुलडोजर शहर में फैले अतिक्रमण में शांत नजर आता है वह चुनाव में प्रत्याशियों के बहुत काम आ रहा है। भाजपा का कोई भी रोड शो हो, उसमें अगर बुलडोजर नजर न आए तो फिर रोड शो प्रत्याशी को फीका नजर आता है। कुछ ऐसा ही नजारा लोकसभा संभल 8 के विधानसभा चंदौसी में देखने को मिला। जो बुलडोजर चंदौसी शहर के अंदर लोगों द्वारा फैलाए गए अतिक्रमण पर अक्सर शांत दिखाई देता है, वह शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के द्वारा निकाले गए रोड शो की शोभा बढ़ाता हुआ जरूर नजर आया। बुलडोजर पर हनुमान का रूप धारण किए एक कलाकार भी नजर आया लेकिन इसके पीछे वे जनता को क्या संदेश देना चाहते थे, ये स्पष्ट नहीं हो सका। भाजपा प्रत्याशी द्वारा निकाले गए रोड शो में भाजपा प्रत्याशी नगर के सभी कार्यकताओं को भी एकत्र नहीं कर सके। बहुत से पुराने कार्यकर्ता तो भाजपा के लिए रीड़ हैं वे भी इस रोड शो से दूरी बनाए रहे और कहीं भी दिखाई नहीं दिए। महिला कार्यकताओं के नाम पर भी केवल चंद महिलाएं ही रोड शो में नजर आईं। पूरे रोड शो में लगभग 500 से 700 कार्यकर्ता ही नजर आए। जबकि बहजोई, चंदौसी, कुढ़फतेहगढ़ आदि जगहों से भी कार्यकताओं और लोगों को बुलाया गया था लेकिन बहजोई से भी कुछ मुख्य लोगों के अलावा कोई भी कार्यकर्ता रोड शो में नहीं पहुंचा। इसके पीछे भी अहम कारण कार्यकताओं की अनदेखी को माना जा रहा है। भाजपा के ही कुछ पुराने कार्यकताओं ने बताया कि इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओवर कॉन्फिडेंस के साथ चुनाव लड़ रहे हैं जिन कार्यकताओं ने पिछले चुनाव में सबसे ज्यादा प्रचार प्रसार किया, इस बार उन्हें पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। कोई टीम बाहर से बुलाई गई है बस उसी के सहारे चुनाव लड़ा जा रहा है। जबकि जो कार्यकर्ता चंदौसी, बहजोई आदि में भाजपा की रीढ़ हैं और पोलिंग वाले दिन वोट को घर से निकाल कर बूथ तक पहुंचाते हैं उन्हे इस बार बिल्कुल नजरंदाज कर दिया गया। जिसके कारण कार्यकताओं में अंदरखाने रोष है लेकिन छोटे कार्यकर्ता की सुनी नहीं जाती है इसलिए कार्यकर्ता चुप होकर अपने घर बैठा है।

अब इसमें कितनी सच्चाई है यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा लेकिन एक बात तो लगभग तय है कि अगर इस बात में थोड़ी भी सच्चाई है तो भाजपा को संभल लोकसभा 8 में इसका नुकसान जरूर उठाना पड़ सकता है। रोड शो गौशाला रोड से शुरू होकर, मुंसिफ रोड, शक्ति नगर, सीओ ऑफिस, रेलवे स्टेशन रोड, मालवीय चौक, फब्बारा चौक, मुरादाबाद गेट, बड़ा बाजार, बिसौली गेट, गीता सत्संग भवन, गणेश मंदिर, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, घंटा घर, मुरादाबाद गेट, फब्बारा चौके होते हुए सुभाष रोड पर संपन्न हुआ।

बीएमजी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा

चंदौसी। शनिवार को संभल गेट इस्तिथ बी एम जी इंटर कॉलेज चंदौसी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर गत 1090 महिल्ला हेल्पलाइन डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर संगीता भार्गव द्वारा मतदान जागरूकता पर शपथ दिलाई गई।

कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को ज़िम्मेदारी दी गई कि वे अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेद भाव के अपनी निर्वाचन अधिकारो का प्रयोग अपने घर प्रतिएक घर के सदस्य से कर बायें जो 18 वर्ष की आयु पूड कर चुका हो।

छात्रों से अनुरोध भी किया गया की वो अपने अभिभावको को समझाएँ की वो स्वतंत्र निष्पक्ष ओर शांति पूर्ण रखते हुए धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपनी ज़िम्मेदारी को निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने एक अच्छा उधारन सभी के समक्ष पेश करें ।संगीता भार्गव ने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहें है जहाँ की सरकार हमारे दुआरा निर्वाचित की जाती है जो हमारे लिए सदेव काम करती है अतः सही सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचर्य सीमा सागर रजनी स्नेहलता भारद्वाज क्षिप्र शर्मा पायल रीता उर्वशी पूजा आदि का सहयोग रहा।

जिला जज द्वारा किया गया लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का उद्घाटन

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा राहुल सक्सेना

चंदौसी- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव आदित्य सिंह द्वारा बताया गया कि शनिवार को सुबह 10.00 बजे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी में जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार यादव, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, संभल स्थित चंदौसी, आदित्य सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी०डि०) सम्भल स्थित चन्दौसी, दिव्या गर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेश कुमार यादव, अध्यक्ष चंदौसी बार एसोसिएशन, नितिन कुमार सचिव चंदौसी बार एसोसिएशन, संजीव कुमार सिंह लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ, अंकित टंडन डिप्टी चीफ, मयंक गोयल, संजीव कुमार, असिस्टेंट लीगल एड आदि उपस्थित रहे।

13 पत्रावलियों का निस्तारण कर पांच परिवारों को पुनः मिलाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। शनिवार को पुलिस अधीक्षक की देखरेख में चलाए जा रहे अभियान में पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र की मीटिंग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखने में सुबह 10:30 बजे संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां 39 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा पांच परिवारों को मिलाया गया तथा चार पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं चार पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय संगीता भार्गव पूनम अरोड़ा कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य शाजिया खान एवं उप निरीक्षक ओम प्रकाश तथा कांस्टेबल रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

केमिस्ट एसोसिएशन ने मतदान करने की दिलाई शपथ

शंकर चौराहे पर हुआ गरिमा पूर्ण आयोजन, समाज सेवियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल। शनिवार को केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में समाजसेवियों के सहयोग से नगर के शंकर चौराहे पर मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत 7 मई को मतदान करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हम देश की सीमाओं पर शत्रु से युद्ध करने नहीं जा सकते परंतु मतदान के माध्यम से हम अपनी देशभक्ति का परिचय तो दे ही सकते हैं। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने अपने परिवार मित्रों तथा परिचितों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। तहसीलदार रवि सोनकर ने शांतिपूर्ण वातावरण में निर्भीकता के साथ शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने बिना किसी प्रलोभन के और बिना किसी धर्म जाति क्षेत्र भाषा भेद के स्वतंत्र मतदान करने की सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी जागरूक समाज से अपील की कि शत प्रतिशत मतदान करके संभल तहसील क्षेत्र का एक अच्छा रिकॉर्ड बनाये।

शपथ लेने वाले मतदाता अपने हाथों में पहले मतदान फिर जलपान जैसे अनेक पोस्टर हाथों में लिए हुए थे और 7 मई को भारी संख्या में मतदान करने का सामूहिक संकल्प लिया।

न्यूज ब्रीफ

आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल गुन्नौर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने कानून व्यवस्था,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में थाना जुनावई द्वारा आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त कल्यान उर्फ करू पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम खेरिया थाना जुनावई जनपद सम्भल को थाना जुनावई पुलिस टीम द्वार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा गया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- में उ0नि0 संजय कुमार थाना जुनावई जनपद सम्भल, का0 कादिर चौधरी, काङ्ग अर्जुन कुमार साथ रहे।

समाजवादी छात्रसभा के जिला उपाध्यक्ष बने अवधेश यादव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अनुमति एवं सपा छात्रसभा के प्रदेशाध्यक्ष विनीत कुशवाहा के अनुमोदन के उपरांत असमौली विधायक पिंकी यादव कि संतुष्टी से जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने चाटन बहजोई निवासी अवधेश यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर सपा कार्यकर्ता व युवा साथियों में खुशी की लहर दौड़ गयी।अवधेश यादव ने बताया कि में पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करूगां व अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुचाने का काम करुगां।इस दौरान मौहम्मद आदिल ,सुखवीर सिंह, ब्रजेश देवेन्द्र यदुवंशी, विजय यादव डीलर,एस बी दीबाना,टिंकू यादव, नितिन यादव, पवन यादव, छोटू यदुवंशी, डालचंद यादव, पंकज यादव, जोगिन्दर,दिनेश यादव आदि लोगो ने बधाई दी।

अज्ञात व्यक्ति का रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

नेशनल एक्सप्रेस/टूंडला। शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का रेलवे ट्रैक के पास शव मिला है। थाना क्षेत्र टूंडला के अंतर्गत चौकी हिरणगांव के पास रेल पटरियों के पास किसी अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज हिरणगांव प्रेमचंद घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया की ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। जिसकी पहचान नहीं हो पाई है मृतक की बाजू पर टैटू का निशान बना हुआ है।

शांति पूर्ण मतदान के लिए एसएसबी जवान के साथ किया फ्लैग मार्च

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार

नगर पंचायत नरौली और ग्राम पंचायत जनैटा में आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भयमुक्त मौहाल मे मतदान कराने के लिये देहात पुलिस चौकी इंचार्ज सत्य पाल सिंह व कस्बा इंचार्ज अजय कुमार त्यागी के नेतृत्व में उत्तराखंड से आये एसएसबी कार्लजन दादुल कम्पनी के आये जवानो ने कस्बे के मौहल्ला मकुपरा धीमर वाली पुलिया बंजारी कुआ तेली वाला कुआँ फूलबाग कुरेशियन तिराहा नई बस्ती मंसादेवी मुल्लाना ठाकुर द्वारा बाजिरया साहूकारा काजी टोला तिराहा के रास्ते वापस देहात पुलिस चौकी पर समाप्त हुआ इस दौरान सत्य पाल सिंह इंचार्ज

अजय कुमार त्यागी इंचार्ज कस्बा अक्षय त्यागी विपिन कुमार सहित कॉफी संख्या में फोर्स मौजूद रहा।

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार हुआ घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल मुरादाबाद रोड पर हुआ हादसे का शिकार अमरोहा निवासी व्यक्ति अपनी ससुराल संभल आया था। अस्पताल से दवाई लेकर आ रहा था। निजी अस्पताल संभल में चल रहा इलाज गर्दन में एंड तक मांझे ने किया जख्म जानलेवा बनता जा रहा है चाइनीज मांझा जल्द ही रोक नहीं लगी तो सड़क चलते और भी राहगीर आ सकते हैं चपेट में बाइक चलाते हैं तो रहें सावधान मांझे से बचने का नहीं है कोई कारगर उपाय।बाइक सवार को नहीं होता पता कब आ कटी पतंग का मांझा।

धारा 144 का किया उलंघन तो होगी कार्यवाही- जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल गुप्ता

सम्भल चंदौसी-लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जनपद सम्भल में दिनांक 07.05.2024 को मतदान किया जायेगा। इस दौरान आसामाजिक तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग की जा सकती है, जिससे कटुता बढ़ने व लोक शान्ति विक्षुब्ध होने की प्रबल आशंका है। इसके दृष्टिगत दिनांक 07.05.2024 को प्रातः 05:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक जनपद के समस्त 1648 मतेदय स्थलों के संबंध में जिलाधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट, जनपद सम्भल मनीष बंसल द्वारा द.प्र.सं. की धारा-144 के अन्तर्गत कई बिंदुओं पर आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार प्रत्येक मतदेय स्थल के 200 मीटर के दायरें में किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक पार्टी का प्रचार-प्रसार, मौखिक, लिखित, बैनर, पोस्टर, पेंटिंग, पैपलेट, पर्ची इत्यादि या किसी भी पार्टी या प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह किसी भी माध्यम से प्रदर्शित नहीं किया जायेगा।मतेदय स्थल के बाहर मतदान में लगे कार्मिकों या सुरक्षा बलों या प्रत्याशी के अधिकृत पोलिंग एजेंट के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति, जो मतदाता न हो या जो अपने का मत को प्रयोग कर चुका हो, अनावश्यक खड़े/उपस्थित नहीं रहेंगे। कोई भी व्यक्ति मतेदय स्थल के 200 मीटर के दायरें में किसी भी प्रकार का वाहन (मतदान ड्यूटी के अतिरिक्त) नहीं लाऐगा या ले जाऐगा। कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक पार्टी / प्रत्याशी मतेदय स्थल के 200 मीटर के दायरें में अपना कैंप / बस्ता नहीं लगायेगा। कोई भी व्यक्ति मतेदय स्थल के 200 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर को प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति (सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त) मतेदय स्थल के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र/धारीधार वस्तु लेकर नहीं जायेगा। कोई भी व्यक्ति मतेदय स्थल के 200 मीटर के दायरें में पान, गुटखा, तम्बाकू धूम्रपान या मदिरापान का कय/विकय नहीं करेगा। मतेदय स्थलों पर पान, गुटखा, तम्बाकू खाने, थूकने या धूम्रपान या मदिरापान करने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है। मतेदय स्थलों के अन्दर पीठासीन अधिकारी या अन्य उच्च अधिकारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक उपकरण/मोबाईल फोन नहीं लेकर जायेगा। अधिकृत मीडिया एवं प्रेस कर्मियों को पास (पहचान पत्र) के द्वारा मीडिया कवरेज अनुगन्य होगा, परन्तु वह आयोग के निदेर्शों के अनुसार ही और अपने चैनल, समाचार पत्र अथवा संस्थान को उनके द्वारा दिये गये दिशा-निदेर्शों के क्रम में रिपोर्टिंग करेंगे। किसी के द्वारा भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से कोइ भ्रमक सूचना/अफवाह नहीं फैलाई जाऐगी। आदेश संख्या 110/न्याय सहायक / धारा-144/2024, दिनांक 01.05.2024 में उल्लिखित समस्त चूंकि उक्त आदेश को तत्काल पारित करने की आवश्यकता है और समय शर्ते यथावत रहेंगी। समय कम होने के कारण यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति संस्था या पक्ष इस आदेश में कोई छूट या शिथिलता चाहे तो उसे अधोहस्ताक्षरी या क्षेत्रीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सम्मुख विधिवत आवेदन करने अधिकार होगा जिस पर सम्यक सुनवाई एवं विचारोपरान्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में समुचित आदेश पारित किये जा सकेंगे। इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना भारतीय दण्ड विधान धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। इस आदेश का प्रचार जिले के सभी प्रशासनिक मजिस्ट्रेटो के न्यायालयों के नोटिस बोर्ड, जनपद सम्भल के सभी थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं पुलिस कन्ट्रोलरूम की गाड़ियों द्वारा स्पीकर से प्रचार कराने का आदेश भी दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सम्भल को आदेश की प्रति समस्त थानों के माध्यम से सख्ती से क्रियान्वित कराने हेतु भेजी गई है।

संपादकीय

'वोट जेहाद' के मायने

दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमरीका और सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजकल जेहाद की गूंज है। संदर्भ और कारण अलग-अलग हैं। अमरीका के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमरीका में जेहाद नहीं चाहिए। अमरीका में यूनिवर्सिटीज का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फलस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित हैं। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इजरायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमरीका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़ कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। यह अमरीका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस को देख लो। लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमरीका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। बहरहाल भारत में आम चुनाव का मौसम है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। सम्पन्न और शिक्षित परिवार से हैं। फिर भी इतनी सांप्रदायिक और देश-विरोधी सोच की हैं, उनका आह्वान सुनकर हैरानी हुई।

जेहाद सिर्फ नारेबाजी तक सीमित नहीं था, बल्कि मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। सवाल है कि क्या भारत में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि के अलगाववादी आह्वानों पर ही चुनाव कराए जा सकते हैं? चुनाव आपसी समभाव, सौहार्द और भाईचारे के भाव के साथ नहीं हो सकते? भारत तो संवैधानिक तौर पर 'पंथनिरपेक्ष' देश है। दरअसल इस तरह जेहाद की बात करना आपराधिक मानसिकता है। मारिया जैसे लोग चाहते हैं कि एक-एक मुसलमान घर से निकले और अपने तय मुस्लिम उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट सुनिश्चित करे। मुसलमानों को देश के संसाधनों पर भी पहला हक चाहिए। सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी ठेकों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आरक्षण चाहिए। कांग्रेस 2009 से अपने चुनाव घोषणा पत्रों में ऐसे आरक्षण या समान अवसर मुहैया कराने का आश्वासन देती आ रही है। उससे पहले भी ऐसी ही सोच रही होगी, लेकिन हमने खंगाल कर नहीं देखा। यह दीगर है कि मई, 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता के बाहर है, लेकिन वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पर्सनल लॉ, पोशाक, खान-पान और वक्फ के वर्चस्व को भी पूरी स्वतंत्रता दिए जाने की सुनिश्चित घोषणा कर चुकी है। क्या अब देश में 'शरिया कानून' भी लागू रहेगा? वोट के नाम पर जेहाद किस तरह होगा, किसी ने भी स्पष्ट नहीं किया।

न सलमान खुर्शीद ने और न ही कांग्रेस ने 'वोट जेहाद' का खंडन किया है। जेहाद किस लोकतंत्र का हिस्सा या पर्याय है? हमने तो भारत में आतंकवाद के नाम पर भी जेहाद सुना है। देश के विभिन्न हिस्सों में जो आतंकी हमले किए गए हैं या जेहाद के नाम पर जो कत्लेआम, लहूलुहान जारी है, वह 'धर्मयुद्ध' किस तरह कहा या माना जा सकता है? मारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं है। उनके खिलाफ देश-विरोधी गतिविधियों वाले कानून में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। कभी 'लव जेहाद' सुनते हैं, तो कभी 'लैंड जेहाद' के नारे बुलंद किए जाते हैं। 'मुस्लिम आरक्षण' पर भी अदालतों के खिलाफ जेहाद बोला जा सकता है, क्योंकि सबसे ताजा स्थापना अदालत की ही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोट जेहाद' को लोकतंत्र के खिलाफ माना है, लिहाजा उन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण पर कांग्रेस से तीन लिखित गारंटियां मांगी हैं। चुनाव के संदर्भ में सभी बिरादरियों की बात होनी चाहिए।

वोट जिहाद से डर गए महाबली

राकेश अचल

भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है। बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये। इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है ,इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए 'रणछोड़' बनाने पर उतारू है।

भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को 'पप्पू' बनाया,बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये। जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है। बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये। इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे-तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी,लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी। राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी।अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है।

राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है ,क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता ,क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं।

भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तरप्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस 'वोट जिहाद' को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू-मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है।वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है।

भारतीय जनता पार्टी की 'महा विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो. पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएग। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं।? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है ? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है ?'। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है ,लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

मोदी आदिकाल से गांधी परिवार विहीन देश और कांग्रेस विहीन संसद देखना चाहते है। वे देश की अठारहवीं सांसद को अपने सपनों की संसद बनाना चाहते हैं लेकिन बना नहीं पा रहे। संसद के सर्वोच्च सदन में कांग्रेस की प्रमुख श्रीमती सोनिया गाँधी पहले ही पहुँच चुकी है। यानि कम से कम छह साल तक तो कांग्रेस की उपस्थिति संसद में रहना ही है और अब राहुल गांधी भी वायनाड के साथ ही रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। अर्थात राहुल कहीं न कहीं से संसद में प्रवेश पा जायेंगे। ऐसे में न कांग्रेस विहीन भारत बन पायेगा और न कांग्रेस विहीन संसद। मोदी को अपना सपना पूरा करने के लिए मुमकिन है कि एक जन्म और लेना पड़े!

राहुल गांधी रणछोड़ हैं या नहीं ये मै नहीं कह सकता। क्योंकि यदि इस तरह की कोई सूची बनाई जाएगी तो भाजपा के आदि पुरुष माननीय श्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सबसे बड़े रणछोड़ माने जायेंगे। अटल जी तो पूरे जीवन इधर से उधर भागते रहे। यूपी के बलरामपुर से विदिशा,ग्वालियर और लखनऊ तक। उन्होंने 1985 में अपने गृहनगर ग्वालियर से हारने के बाद कभी ग्वालियर की और मुंह नहीं किया। वैसे हम सनातनी हैं। हम अपने इष्ट को भी रणछोड़ के नाम से बुलाते हैं। हमारे रणछोड़ के इलाके से आजकल श्रीमती हेमामालिनी चुनाव लड़ती हैं। इसलिए मेरी दृष्टि में रणछोड़ होना भी बुरी बात नहीं है। रणछोड़ भी रणनीति का ही एक अंग है ,जैसे खुद मोदी जी का गुजरात से उत्तर प्रदेश आकर चुनाव लड़ना। मै राहुल को रणछोड़ तब मानता जब वे संसद का चुनाव लड़ने के बजाय पिछले दरवाजे से यानि राज्य सभा के जरिये संसद में प्रवेश करते। लेकिन राहुल ने ऐसा नहीं किया। जाहिर है वे रण में हैं। उन्होंने रण नहीं छोड़ा। उलटे वे भाजपा को रण छोड़ने के लिए विवश कर रहे हैं।

अब देश को यूपी का रण देखना ही पडेगा। देखना पडेगा की यूपी के योगी और मोशा की जोड़ी उत्तर प्रदेश के रणन में कांग्रेस और कथित रूप से कांग्रेस के शाहजादे राहुल गांधी को चित कर पाती है या नहीं ? रणभेरियां बज रहीं हैं। योद्धा मैदान में जिरह-बख्तर पहनकर उतर चुके हैं। भाजपा और मोदी जी के सर से कांग्रेस और राहुल का भूत रायबरेली के चुनाव परिणामों से ही उतरेगा। राहुल हारे तो भूत उतरेगा और नहीं हारे तो भूत भाजपा और मोदी जी को परेशान करता ही रहेगा 2029 तक।

5 मई :इतिहास की अहम घटनाएं

1932 28 जनवरी की घटना या पहली शंघाई घटना 1932 में चीन गणराज्य और जापान के साम्राज्य के बीच संघर्ष था, जिसे 5 मई को दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए शंघाई युद्धविराम समझौते से रोक दिया गया था।

1936 इटली के सैनिकों ने अदीस अबाबा पर कब्जा किया।

1936 द्वितीय इटालो-एबिसिनियन युद्ध-इतालवी सैनिकों ने अदीसबाबा, इथियोपिया को निर्विरोध कब्जा कर लिया।

1938 स्पेन के वेटिकन शहर में फ्रांसिस्को फ्रेंको की सरकार को मान्यता मिली।

1940 द्वितीय विश्व युद्ध-हेग्राफोर्ट में 250 नार्वे के स्वयंसेवकों के एक दल ने आखिरकार 25 दिनों की घेराबंदी के बाद एक बहुत ही बेहतर नाजी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

1949 यूरोप की परिषद को 5 मई, 1949 को लंदन की संधि द्वारा शामिल किया गया था जिसमें बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आयरलैंड, इटली, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं। यूरोपीय देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संगठन एक स्वतंत्र संस्था है।

1961 कमांडर ऐलन शेपर्ड अटलांटिक महासागर में अपने अंतरिक्ष यान से उतरे थे।

1961 प्रोजेक्ट मरकरी-एबोर्ड द अमेरिकन स्पेसक्राफ्ट फ्रीडम 7, एलनशेपर्ड ने एक उप-कक्षीय उड़ान बनाई, जो यात्रा करने वाले बाहरी स्थान पर दूसरा व्यक्ति बन गया।

1975 वर्जीनिया में बुश गार्डन्स विलियमस्बर्ग थीम पार्क खोला गया।

1980 ब्रिटिश स्पेशल एयर सर्विस ने ईरानी अरब अलगाववादियों द्वारा जब्त किए जाने के छह दिन बाद, ईरानी दूतावास पर हमला किया।

1981 भोजन के बिना छत्तीस दिनों के बाद, एचएम प्रिजन भूलभुलैया में आयरिश गणतंत्र बॉबी सैंड्सडाइड ने भुखमरी का सामना किया।

1991 वाशिंगटन, डीसी में दंगे भड़क गए, एक बदमाश पुलिसवाले ने सल्वाडोर के आदमी को सीने में गोली मार दी।

1994 ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने कंजरवेटिव पार्टी को हराया।

1994 अमेरिकी किशोरी माइकल पी। फ़े को सिंगापुर के किलेबंदी और बर्बरता में कैद किया गया था, एक ऐसी सजा जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक किशोर के लिए अहिंसक अपराध के रूप में माना जाता है।

2000 मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि ग्रह 5 मई, 2000 को सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी के संयोजन में दिखाई दिए, जो कि खगोलीय इतिहास में एक दुर्लभ घटना थी जो 6,000 साल पहले हुई थी।

2005 लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर तीसरी बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

2005 टोनी ब्लेयर की लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनावों में लगातार तीसरे कार्यकाल में फिर से चुनाव जीता।

2007 पायलट त्रुटि के कारण डौआला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टेक ऑफ करने के बाद केन्या एयरवेज फ्लाइट 507 5 मई 2007 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें चालक दल के सदस्यों सहित कोई भी जीवित नहीं बचा था।

2008 डिस्पोजल सीरिंज के आविष्कारक न्यूजीलैंड के वैज्ञानिक कोलिन मार्डोक का निधन।

2010 सरकार द्वारा ऋण संकट के परिणामस्वरूप लगाए गए तपस्या उपायों के जवाब में एथेंस और सामान्य हमलों में प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू हुई।

2012 नेपाल में बाढ़ से 17 लोग मारे गए और 47 लापता हुए।

2012 जापान ने टॉमारी -3 परमाणु रिएक्टर को बंद कर दिया, जो कि 5 मई 2012 को संचालित 54 परमाणु रिएक्टरों में से आखिरी था। 1970 के बाद यह पहली बार था जब जापान के पास कोई परमाणु व्युत्पन्न बिजली नहीं थी। जापान के परमाणु रिएक्टरों को बंद करने का निर्णय जापान में मजबूत भूकंपीय गतिविधियों के कारण रिएक्टरों से जुड़े जोखिम का परिणाम था।

समसामयिक

मणिपुर : और कितनी दूर है शांति !

मणिपुर में हिंसा छिड़े पूरा एक साल हो गया है। लेकिन अभी दैनिक जनजीवन से शांति न जाने कितनी दूर है। आए दिन नागरिकों के परस्पर और सुरक्षा एजेंसियों से टकराव की चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीरें सामने आती ही रहती हैं। वहाँ जैसे तैसे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न भले हो गया हो, जनता और प्रशासन के बीच आपसी यकीन शायद अभी तनिक भी बहाल नहीं हुआ है। आपसी यकीन की अनुपस्थिति का ताज़ा प्रमाण इसी सप्ताह बिष्णुपुर जिले में तब देखने को मिला जब प्रदर्शनकारियों ने सेना को ज़ब्त किए गए हथियार और गोला-बारूद ले जाने से रोक दिया। मणिपुर का समाज मुख्यतः स्त्रीसत्तात्मक हैं, इसलिए स्वाभाविक है कि इन प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व महिलाएँ कर रही थीं। हुआ कुछ यों कि 30 अप्रैल, 2024 को तड़के गश्त के दौरान सेना की सेकेंड महार रेजिमेंट के जवानों ने दो अवैध हथियार ले जा रहे दो वाहनों को रोका, तो कुछ देर में वहाँ मैतेई महिलाओं का नागरिक समूह 'मीरा पैबिस' प्रकट हो गया। उन सैकड़ों महिलाओं ने सड़क अवरुद्ध कर दी और सेना के काफिले को क्षेत्र से बाहर जाने से रोक दिया। उनकी माँग थी कि ज़ब्त किए गए हथियार उन्हें सौंप दिए जाएँ! बाद में पुलिस ने इस बात पर समझौता कि सेना हथियार राज्य पुलिस को सौंप देगी। क्या ऐसी वारदातें राज्य में कानून-व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी नहीं हैं? सयाने याद दिला रहे हैं कि जेड सुरक्षा से सुसज्जित होते हुए भी राज्य के मुख्यमंत्री जी एक साल में कुकी-ज़ोमी इलाकों में जान-माल के नुकसान का जायजा लेने तक नहीं जा पाए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मणिपुर में इस एक साल में तमाम सामाजिक, प्रशासनिक और राजनीतिक ताना-बाना बिखर चुका है! लेकिन अफसोस है कि हिंसा के प्रलयंकारीर्ण प्रकोप के एक साल बाद भी पूर्वोत्तर भारत के राज्य मणिपुर में चल रहा जातीय विद्वेष किसी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनता नहीं दिखाई देता! मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के धीरे-धीरे शांति लौटने के दावों के बावजूद, जगजाहिर है कि मैतेई और कुकी-ज़ोमी जातीय समूहों के बीच तनाव लगातार जारी है। याद रहे कि 3 मई, 2023 को शुरू हुए इस रक्तपातपूर्ण संघर्ष में अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 58 हजार से अधिक बेघर लोग राहत शिविरों में तकलीफों में रह रहे हैं। इस दौरान निर्वस्त्र घुमाने सहित महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार की तमाम खबरें चरम घृणा के तांडव का प्रतीक हैं। शायद अब समय आ गया है कि परस्पर विरोधी समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने में विफलता और हिंसा के मूल कारणों को संबोधित नहीं करने के लिए सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाए! सयाने याद दिला रहे हैं कि संघर्ष का निदान और समाधान खोजने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री ने काफी समय पूर्व एक समिति गठन अवश्य किया था। लेकिन समिति के भीतर आंतरिक मतभेदों और मणिपुर के समाज की जटिलताओं के चलते समिति के काम में में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी। दरअसल इस विवाद की जड़ें जमीन के बँटवारे की उस औपनिवेशिक नीति के भीतर हैं, जिसके तहत आदिवासी-बहुल पहाड़ी क्षेत्रों को मैतेई-प्रमुख इम्फाल घाटी से अलग कर दिया गया था। होना तो यह चाहिए था कि इस अलगाव को पाटने की सदाशयतापूर्ण कोशिशें की जातीं, लेकिन पहचान की राजनीति और अंदरूनी-बाहरी का मुद्दा उठाकर तनाव को और बढ़ा दिया गया। इसके लिए कहीं न कहीं राज्य सरकार भी ज़िम्मेदार है। बड़ी हद तक राजनीतिक और प्रशासनिक विफलताओं में घिरी राज्य सरकार ड्रग तस्करों की नकेल भी नहीं कस सकी है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद, मणिपुर में आजीविका में सुधार के उपायों की कमी को भी सरकार की विफलता ही कहा जाना चाहिए न! अंततः यह कहना ज़रूरी है कि मणिपुर में जारी संघर्ष के समाधान के लिए आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक उपायों सहित एक व्यापक दृष्टिकोण की ज़रूरत है। अगर राज्य सरकार एक साल के संघर्ष के बाद भी इस अनिवार्यता को नहीं पहचान रही है, तो ख़ुद उसकी वैधता पर भी उँगलियाँ उठेंगी ही न?

– ऋषभदेव शर्मा

भारत की स्कूली शिक्षा में अब तीन वर्ग स्तर हैं

लगातार राजनीतिक दबाव में सीबीएसई की गैर-पेशेवर कार्यशैली भी भारत के स्कूलों को अंतरराष्ट्रीय बोर्ड चुनने के लिए प्रेरित कर रही है। सीबीएसई द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से कुछ अध्याय हटाने के हालिया प्रयासों ने भारत में 'शिक्षा के भगवाकरण' को फिर से सुर्खियों में ला दिया है।

विजय गर्ग

हालाँकि सीबीएसई ने पहले भी इसी तरह के संशोधन किए हैं, लेकिन इस बार, अपमान का कारण बोर्ड का इरादा है, विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से कुछ अध्यायों को हटाना। राजनीतिक अभिनेता सक्रिय रूप से ऐसे समावेशन/विलोपन पर तर्क और प्रतिवाद कर रहे हैं, लेकिन उनका शोर भारत की स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव को छुपाता है। इस तरह के लगातार परिवर्तन सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर राजनीतिक लड़ाई का परिणाम हैं, और इसके परिणामस्वरूप भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली की तीन परतें धीरे-धीरे उभर रही हैं - प्रत्येक तक विभिन्न वर्गों की पहुंच है।

स्कूली शिक्षा की तीन परतों का उद्भव राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों के निहितार्थों का बहुत कम विश्लेषण किया गया है। पाठ्यक्रम के लिए, विशेष रूप से वृहत संशोधनों के लिए। हालाँकि, हाल की रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत के महानगरीय शहरों के विशिष्ट स्कूलों के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव हो रहे हैं - सीबीएसई को छोड़कर, इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईजीसीएसई) और इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) जैसे अंतरराष्ट्रीय बोर्डों को चुनना।) . अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों के कुछ शिक्षकों के साथ बातचीत करने के बाद, मैंने पाया कि उच्च शुल्क लेने की स्वतंत्रता और विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले अपने छात्रों के लिए उच्च संभावनाओं जैसे कई कारकों के अलावा, लगातार राजनीतिक दबाव के तहत सीबीएसई की गैर-पेशेवर कार्यशैली भी है। भारत के स्कूलों पर अंतरराष्ट्रीय बोर्ड चुनने के लिए दबाव डाल रहा है।

आईजीसीएसई और आईबी स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वसूलने के बावजूद, बड़ी संख्या में भारतीय छात्र, विशेष रूप से सुपर संभ्रांत परिवारों से, भारतीय बोर्डों से हट रहे हैं और इन अंतरराष्ट्रीय बोर्डों को चुन रहे हैं। आईजीसीएसई और आईबी स्कूलों को चुनने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली की तीसरी परत के क्रमिक उद्भव का सुझाव देती है। मुख्य रूप से, देश में स्कूली शिक्षा प्रणाली की दो परतें मौजूद थीं - सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध स्कूल और राज्य बोर्ड संस्थान। शिक्षा का माध्यम इन दो परतों के बीच पदानुक्रम का एक मार्कर रहा है, पहले में अंग्रेजी और बाद में क्षेत्रीय भाषाएँ शिक्षा का मुख्य माध्यम थीं। अंतर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्ध स्कूल मुख्य रूप से अंग्रेजी में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और विदेशी भाषाएँ भी पढ़ा रहे हैं। भारतीय भाषाएँ पढ़ाना उनके लिए अनिवार्य नहीं है, लेकिन उन्हें एक क्षेत्रीय भाषा सिखाने की अनुमति है। स्कूली शिक्षा की उक्त परतें भारतीय समाज के तीन वर्गों-सुपर एलीट, मध्यम वर्ग और हाशिए पर रहने वाले वर्गों का भी संकेत देती हैं।

सुपर एलीट वर्ग के छात्र अंतरराष्ट्रीय बोर्ड स्कूलों में, मध्यम वर्ग के छात्र सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों में और हाशिए पर रहने वाले छात्र राज्य बोर्ड संस्थानों में जाएंगे। इस स्कीम में कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन अपवादों से कोई नियम नहीं बनता। स्कूली शिक्षा के ये उभरते रुझान यह भी दर्शाते हैं कि किस तरह की शिक्षा दी जा रही है। विशिष्ट छात्रों को न केवल अपनी पसंद के पाठ्यक्रम, विषय और भाषाओं का अध्ययन करने की स्वतंत्रता है, बल्कि भारतीय राष्ट्रवाद, भारतीय भाषाओं, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन करने का बोझ भी नहीं है।मध्यम वर्ग के छात्रों के पास पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम और भाषा के मामले में सीमित विकल्प होंगे और उन्हें भारतीय राष्ट्रवाद, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन करना होगा। हाशिए पर रहने वाले समुदायों के छात्र क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ संस्कृति और ज्ञान को भी जीवित रखेंगे। स्कूली शिक्षा प्रणाली का यह उभरता हुआ स्वरूप एक नई तरह की सामाजिक और आर्थिक असमानता को जन्म दे रहा है। सुपर एलीट वर्ग अंतिम लाभार्थी बन रहा है, क्योंकि सभी परिवर्तन केवल मध्यम और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के छात्रों को प्रभावित कर रहे हैं। पीड़ित अभिजात वर्ग अप्रभावित रहता है - अपने आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी स्वतंत्रता का आनंद उठाता है। यह भी कारण हो सकता है कि भारत में वर्तमान स्कूली शिक्षा प्रणाली पर अति संभ्रांत लोग अपनी आवाज़ नहीं उठाते।

बोले अखिलेश यादव... भाजपा आई तो पुलिस नौकरी कर देंगे 3 साल की

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार।

फिरोजाबाद । शनिवार को जनपद मैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ,शिवपाल यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी अक्षय यादव के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने जमकर भाजपा सरकार को निशाने पर लिया ।

अखिलेश यादव ने कहा कि पहले और दूसरे चरण में भाजपा काफी पीछे छूट चुकी है । तीसरे चरण में जो चुनाव होने जा रहा है इसमें फिरोजाबाद के लोग सपा प्रत्याशी अक्षय यादव को जिताने का काम करेंगे । भाजपा के लोक केंद्र की 10 साल और प्रदेश के 7 साल के सरकार की उपलब्धियां नहीं बता पा रहे हैं विकास के नाम पर कहीं बात नहीं कर पा रहे हैं जनता जान चुकी है जनता ने इन्हें हटाने का मन बना लिया है ।

-कहा-

विकास कार्यों के नाम तक नहीं बता पा रहे भाजपा के लोग युवा ,किसान, मजदूर सब परेशान हैं भाजपा सरकार से

अखिलेश ने कहा क्या किसानों की आय दोगुनी हुई: अखिलेश ने आगे कहा- उनके वादे सभी झूठे निकले। किसानों से कहा था उनकी आय दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने किसानों से पूछा आपकी आय दोगुनी हुई है क्या? जवाब नहीं में आया। महंगाई पर भाजपा सरकार को घेरा। दिल्ली वाले तीन काले कानून लेकर आए थे। किसानों के लिए सड़कों पर कीलें ठुकवा दीं। हारकर सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। न कानूनों से किसानों की जमीन चली जाती और उद्योगपतियों को दे दी जाती। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। **हर परीक्षा का पेपर लीक हुआ, कोई परीक्षा तक नहीं कराई गई:** उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ माफ कर दिया। जिन लोगों का पांच करोड़ से अधिक बकाया है, उनका माफ कर दिया जाएगा। बड़ों का कर्ज माफ हो गया। किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन ने तय किया है। सरकार बनने पर पहला फैसला किसानों का कर्ज माफ करने का होगा। जहां किसान दुखी है। वहीं, नौजवानों ने इनका समय देखा है। इनकी सरकार में कोई परीक्षा हुई होगी। हर परीक्षा का पेपर लीक हो गया। सरकार कह रही थी कि हमने परीक्षा को लेकर बहुत काम किए हैं। जो युवा परीक्षा देकर घर आया तब उसे पता चला कि परीक्षा निरस्त हो गई। यह सरकार पेपर नहीं करा पाई।

खाकी वर्दी वालों की नौकरी 3 साल की कर देगी भाजपा - अखिलेश यादव: अखिलेश ने कहा- अग्निवीर को हम समाप्त करेंगे। पुलिस के लिए कहा कि कभी कभी वह गुस्सा बहुत दिखाते हैं। अभी अग्निवीर की 4 साल की भर्ती है। इनकी 3 साल की हो जाएगी। आपको पता था कि हवाई जहाज बेच दिए जाएंगे। बंदरगाह बेच दिए जाएंगे। टेलीफोन और एलआईसी बेच दी। आधी रात को नोट बंद कर दिए। इसलिए बीजेपी वाले आ गए तो खाकी वर्दी पहनने वालों की नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी।

जबर्दस्ती लगवा दी कोरोना वैक्सीन

अखिलेश ने कहा- बीजेपी वालों ने सबको वैक्सीन लगवाई थी। नौकरी करने वालों को जबर्दस्ती लगवा दी। हमने नहीं लगवाई वैक्सीन। बीजेपी वाले जान के पीछे पड़े हैं। इलेक्टोरल बांड के बारे में सभी जान गए। मीट वाली कंपनी से भी पैसा ले लिया। वैक्सीन वालों से भी पैसा लिया। बाजार में दवा महंगी हो गई। बीजेपी वाले दवा वालों से भी पैसा ले लेंगे। दवा का पर्चा भी छोटा हो जाएगा। बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहते हैं। जो संविधान को बदलना चाहते हैं। फिरोजाबाद की जनता उन्हें बदलने का काम करेगी।

किसी आलसी को एजेंट न बना देना - प्रो.राम गोपाल यादव

प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि आलसी, डरपोक और नासमझ को एजेंट मत बना देना। सवा पांच बजे तक एजेंट पहुंच जाएं। साढ़े पांच बजे मॉक पॉलिंग होगी। मॉक पॉल में एजेंट का उपस्थित रहना जरूरी है। ठीक सात बजे मतदान शुरू हो जाएगा । प्रत्याशी अक्षय यादव ने कहा कि यह चुनाव महत्वपूर्ण चुनाव है। यह बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने का चुनाव है। 1500 से अधिक नुक्कड़ सभा हम कर चुके हैं। यह सीट जीतकर नेताजी को श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित करेंगे। आप भी अपनी भागेदारी देते हुए जिताकर नेताजी को समर्पित करने में सहयोग कीजिएगा। 7 मई को सुबह ही अपना वोट डाल देना।

न्यूज ब्रीफ

ग्राम सिंहपुर डेरा बंजारा में लगी आग 6 झोपड़ियां हुई राख

नेशनल एक्सप्रेस / फिरोजाबाद। शनिवार को ब्लॉक नारखी के ग्राम सिंहपुर डेरा बंजारा में अज्ञात कारणों से झोपड़ियों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। आपको बताते चलें कि मामला सिंहपुर डेरा बंजारा का है। जहां सुबह 4 बजे अज्ञात कारणों से झोपड़ियों में आग लग गई। जिसमें 5 से 6 झोपड़ियों जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। ग्रामीणों ने बताया की सुबह अचानक आग की लपटें दिखाई दी आग की लपटें इतनी भयानक होती चली गई कि उसमें पास की सभी झोपड़ियों को अपने आगोश मैं ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत सूचना पुलिस थाने में दी जिससे पुलिस ने मौके पर आकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया ग्रामीणों ने बताया कि खाने के लिए गैंहू, आटा, जानवरों के लिए भूसा और सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने कहा कि जैसे तैसे अपने आप को और बच्चों को बचाया उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

अधिवक्ताओं ने किया सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन का स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। जनपद न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली का स्वागत किया।

इस मौके पर सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने एक सामाजिक कार्यकर्ता को राष्ट्रीय सचिव बनाकर सामाजिक कार्य करने वाले लोगों का सम्मान बढ़ाया है इसलिए जो लोग मुझे वोट करना चाहते हैं वह अक्षय भईया को वोट करके भारी बहुमत से जिताने का काम करें जिससे फिरोजाबाद की राजनीति को बदला जा सके।

समय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार जनपद की सभी तहसीलों में जाकर उस क्षेत्र में तैनात सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटस व अधिकारियों के साथ मतदान दिवस व उससे जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां की लगातार समीक्षा की जा रही है। सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटस से उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान की लाइन में लगे मतदाताओं को पर्याप्त छाया, पीने का पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं कानून व्यवस्था आदि की बारीकी से फीडबैक ली जा रही है।

इसी श्रृंखला में तहसील टूण्डला में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी टूंडला, बीडीयो, खंड शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने समय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी ईवीएम मशीनों की पूर्ण सुरक्षा आदि के बारे में विस्तार से निर्देश दिए।

वाहन चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

नेशनल एक्सप्रेस /क्राइम रिपोर्टर।

सिरसागंज । लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस ने संदिग्ध युवक व वाहनो की चेकिंग तेज कर दी है।

थाना नसीरपुर पुलिस टीम अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रही थी,तभी संदिग्ध अभियुक्त सचिन पुत्र बदन सिंह उम्र करीब 24 वर्ष ग्राम नगला सीताराम थाना नसीरपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 1 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 अदद अधचला कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है । पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर युवक को जेल भेजा है।

चोरी की मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर।

फि रोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने अवैध असलहा व चोरी की मोटर साईकिल सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना सिरसागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान थाना के टॉप-10 अपराधी अनुज उर्फ कंज्जा पुत्र परवेन्द्र को तमन्चा 315 बोर व 01 कारतूस 315 बोर, एक चोरी की स्प्लेण्डर सहित विशाल किराना स्टोर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार का ऐलान

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।

जसराना। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुशियारी के मजरा नगला मान सिंह में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की घोषणा कर दी है। गांव में कई स्थानों पर रोड नहीं तो वोट नहीं लिखे पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं। जसराना घिरोर मार्ग से नगला मानसिंह के लिए जाने वाली सड़क का गत 40 वर्षों से निर्माण कार्य नहीं हुआ है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय इस मार्ग से निकलना दूभर हो जाता है।

यहां के निवासियों का कहना है कि इस सड़क के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों ने कई बार वादे किए लेकिन चुनाव जीतने के बाद सभी भूल जाते हैं। चार दशक से सड़क की यथा स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर भी प्रार्थना पत्र दिए परंतु उसका भी कोई परिणाम नहीं निकला। शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने एकजुट होकर मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लिया।जिसके बाद गांव में कई स्थानों पर रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने फैसले पर अधिक हैं और जब तक सड़क निर्माण नहीं हो जाएगा तब तक वह सभी किसी भी पार्टी को वोट नहीं डालेंगे।

मतदान बहिष्कार करने वालों में सुधीर कुमार, विवेक कुमार,मनोज कुमार, प्रेमसिंह, माखन लाल, घनश्याम सिंह, सतेन्द्र सिंह, वीर प्रताप सिंह, जयपाल सिंह, सन्तोष कुमार, कुमारपाल, रामवीर सिंह, रामधनी, पप्पन सिंह , सोनू कुमार, अशोक, गनेश चंद, देशराज, रामसमझ, सरला देवी, गुड्डीदेवी आदि सम्मिलित हैं।

गोदाम में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो चोर गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर।

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने गोदाम में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 चोरों को अवैध असलाह व चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना दक्षिण पुलिस नें चैकिंग के दौरान अभिषेक उर्फ पुतल्ली उर्फ बाबा पुत्र सुगर सिंह और दीपक उर्फ कल्लू पुत्र मायाराम को रामसिंह भट्टा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 कारतूस 12 बोर तथा चोरी किया गया माल एक सब्बल, एक बेलचा , एक पंजी बरामद की गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अभिषेक उर्फ पुतल्ली उर्फ बाबा के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी का माल बरामद

सोलह पर्चियों सहित दो अभियुक्त गिरफ़्तार

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल किए बरामद

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर।

फि रोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस, एफएसटी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पार्टी विशेष द्वारा लोगों को अपने पक्ष में वोट डालने हेतु प्रलोभित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी शराब की 16 पर्चियों, 02 मोबाइल फोन सहित दो अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार। निरीक्षक आबकारी, प्रभारी एफएसटी टीम एवं थाना शिकोहाबाद की संयुक्त टीम द्वारा अग्रेंजी शराब ठेका से शराब की अवैध रूप से सप्लाई की सूचना पर अग्रेंजी शराब की दुकान तहसील तिराहा कस्बा शिकोहाबाद का निरीक्षण किया गया। दौराने निरीक्षण कैश काउन्टर पर सादा कागज पर लिखी हुई 16 पर्चियाँ बरामद हुई है जिन पर कोड वर्ड में एक रुपए चंदा प्राप्त हुआ लिखा है। पर्चियों के सम्बन्ध में सेल्समैन विवेक यादव उर्फ आलोक पुत्र शीलेन्द्र कुमार और सुजीत पुत्र जयपाल कठेरिया से पूछताछ की गयी तो बताया कि उक्त पर्चियाँ मतदाओं को अपनी पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने हेतु प्रलोभन के रूप में पर्चियों पर कोड वर्ड लिखकर दिया है। एक रूपया चंदा प्राप्त होने का मतलब है कि एक बोतल पर्ची वाहक को देनी है। दुकान के लाइसेंस अनुज्ञापी ब्रजेश यादव के कहने पर पर्चियों पर वोटर को लुभाने हेतु शराब वितरण की जा रही थी। संयुक्त टीम द्वारा मौके से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने मां बेटी को रौंदा,दोनों की मौत

ससुर के साथ घर लौट रही थी पुत्रवधु और नातिन

क्राइम रिपोर्टर/रामपाल चौधरी

टूंडला। फिरोजाबाद हाईवे पर शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे का शिकार मां और बेटी हो गए।ससुर के साथ मोपेड पर जा रही मां-बेटी को ट्रक ने रौंद दिया।दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।ससुर भी गंभीर रूप से घायल हो गये।मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना मटसेना क्षेत्र के गांव हलपुरा निवासी महादेव प्रसाद शनिवार शाम साढ़े चार बजे अपनी 40 वर्षीय पुत्रवधू शकुंतला व नातिन नाभ्या के साथ अपनी मोपेड पर सवार होकर टूंडला की ओर से वापस अपने गांव जा रहे थे।उनकी मोपेड जैसे ही गांव हजरतपुर के निकट स्थित राम-श्याम ढाबा के समीप पहुंची तभी मोपेड अनियंत्रित होकर गिर गई।इसी बीच पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने मां-बेटी को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं,ससुर महादेव दूसरी ओर गिरे और घायल हो गए। सूचना पर इंस्पेक्टर अनुज कुमार राणा व राजा का ताल चौकी प्रभारी सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।घायल महादेव ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पुत्र नरेंद्र कुमार की भी मृत्यु हो गई थी।वह पुत्रवधु और नातिन को मोपेड पर बिठाकर घर लेकर जा रहा था।तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। पुत्रवधु और नातिन सड़क की ओर गिर गए थे,जिन्हें ट्रक ने कुचल दिया।

इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।

फिरोजाबाद। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत शनिवार को विधानसभा जसराना के ग्राम नगला पट्टी में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया।कम्पोजिट विद्यालय नगला पट्टी तथा राजकीय हाईस्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने रैली निकाली।यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के जिला महामंत्री मुकेश राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।चुनाव आयोग का है आह्वान,सबको करना है मतदान तथा वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम आदि नारे लगाते हुए बच्चों,शिक्षकों,अभिभावकों तथा स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक रैली में प्रतिभाग किया।बच्चों ने लोकतंत्र का पावन ये त्यौहार आ गया है गीत प्रस्तुत किया।रैली के दौरान विधानसभा जसराना स्वीप ब्रांड एम्बेसडर सुमन राजपूत ने ग्रामवासियों से वार्ता कर सात मई को पोलिंग बूथ पर आने के लिए आमंत्रित किया और सभी को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी।इस दौरान हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी लोगों ने हस्ताक्षर कर मतदान का संकल्प लिया।इसी के साथ गांव खेरिया शिकमी बहत तथा भायपुर में भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह दिखा।कार्यक्रम में शिक्षक रुस्तम सिंह, अरविंद कुमार,प्रवीन कुमार, भूपेन्द्र, प्रदीप,सत्यपाल,सुधीर यादव, संदीप कुमार, मनोज कुमार, रागिनी, शैलजा यादव, अर्चनापाल,पूजा मलिक, अनुशासन, विपिन, प्रियंका, प्रीती, विवेक तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

छैकुर बाबा का उर्स-मेला व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन रोड स्थित किशनपुर गांव के निकट हजरत सुल्तान सूफी छेंकुर दरगाह का मेला व शिवा पर्यावरण कृषि एव महिला उत्थानसेवा के तत्वाधान लगाया ।

नि:शुल्क चिकित्सा शिवर का कब्बालियो साथ सम्पन्न हुआ । फुरकान बारसी कब्बाल .इटावा ख्याले पीर ख्याले रसूल होता है ,इसी वसीले से सजदा से कबूल होता है

शाही कब्बाल शिकोहाबाद यही वफा का सिला है -कोई बात नहीं यह दर्द दिया है- तो कोई बात नहीं मजार है जो किसी की कहेगा दीवाना अगर तुमने कहा है -तो कोई बात नहीं। चिकित्सा शिविर में धनपुरा पीएसी डाक्टर व आगरा के विशेषज्ञ द्वारा 900 मरीजो द् चेक अप कर नि :शुल्क दवा वितरण की गयी शुल्तान सूफी दरगाह के मुतमली सलीम ने सभी दुकानदार समाज सेवी संस्थाएं और आस पास ग्रामीण समाज से पुलिस प्रशान सेवाये उनके बहुत आभारी है इसी प्रकार हमेशा सहयोग देते रह मेला सम्पन्न कराया ए0 के वाजपेयी, राम दत्त शर्मा , अतुल मिश्रा, दिनेश यादत (फौजी ') शाही कव्वाल अशोक यादव, रामवीर यादव ,बच्चू सिंह , ठाकुर प्रतीक डाङ्घ अमित यादव , डा0 विक्रम बहादुर यादव डा0 विजय यादव मुकेश गुप्ता , अगा यादव , कुन्दन सिंह समस्त आस पास व शहर उपस्थित रहे मुतमली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

भूसे की बुर्जी में लगी आग, दमकलकर्मियों की टीम ने पाया काबू

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

जसराना। तहसील क्षेत्र के गांव नगला पीपल में भूसी की बुर्जी में आग लग गई। आग की लपटों को देख लोगों ने सूचना दमकल को दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पीडित ने आग लगाने का आरोप लगाया।

नगला पीपल निवासी रामप्रकाश पुत्र मलिखान सिंह की भूसे की बुर्जी में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से गांव में चीख पुकार मच गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल को सूचना दी। सूचना ?मिलने के बाद दमकल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझती भूसा जलकर राख हो गया।

रोहित वेमुला की मां ने तेलंगाना के सीएम से मुलाकात कर न्याय की मांग की

हैदराबाद (भाषा) रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया।

इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा। रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने पीटीआई वीडियो से कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा।

राजा वेमुला ने कहा, हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया है। हमने उन मुद्दों पर भी चिंता जताई है जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए पड़ोसी आंध्र प्रदेश में गुंटूर के जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं, न कि पुलिस। राजा वेमुला ने उन्होंने कुछ अन्य छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले रद्द करने की भी मांग की।

पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर की वजह से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी वास्तविक जाति के बारे में सबको पता न चल जाए।

क्लोजर रिपोर्ट पर रोहित वेमुला की मां और अन्य लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह को देखते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशकरवि गुप्ता पहले ही मामले की विस्तृत जांच की घोषणा कर चुके हैं।

उन्होंने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि संबंधित अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा।

पुलिस ने मामले में सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एन. रामचंदर राव समेत आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

ब्रीफ समाचार

आरएसएस पर कथित टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

ठाणे (भाषा) महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी।

गांधी के वकील नारायण अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है।

अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की।

मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था

मोदी ने विपक्ष पर तुष्टीकरण का आरोप लगाने के लिए गोधरा का मुद्दा उठाया

दरभंगा(भाषा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं।

गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

मोदी ने कहा, राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है । जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं ।

उन्होंने कहा, आरोपियों को बचाने के लिए उन्होंने (लालू प्रसाद) एक जांच समिति गठित की और एक रिपोर्ट बनवाई जिसने इस भयानक अपराध के दोषियों को दोषमुक्त कर दिया। लेकिन अदालत ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यही इनका इतिहास है, यही उनकी सच्चाई है । हमें बिहार को लालटेन के दौर में वापस नहीं जाने देना है । मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, आपको पता होगा यह दिल्ली वाले शहजादे एक नई बात लेकर आए हैं। कांग्रेस ऐसा कानून बनना चाहती है... दिल्ली में उनकी सरकार बनेगी तो आपके मां-बाप ने जो कमाया है, वह आपको नहीं मिलेगा । उन्होंने कांग्रेस पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने के बावजूद कांग्रेस बाबा साहब अंबेडकर और प्रथम प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की भावना के विरूद्ध ओबीसी कोटे को कम करके धर्म के आधार पर उसमें से डाका डाल के मुसलमान को आरक्षण देने पर तुली हुई है। कांग्रेस की इस साजिश में राजद कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में बात करते हुए रैलियों में हिंदू मुस्लिम करने के लिए तेजस्वी यादव की भी आलोचना की और कहा, जब हम कैप्टन (अब्दुल) हमीद की शहादत के बारे में बात करते हैं, तो क्या हम उन्हें मुस्लिम मानते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और यादव का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, एक शहजादा दिल्ली में और एक पटना में है, दोनों देश को अपनी जागीर समझते हैं। मोदी ने कहा, उनकी मानसिकता तब उजागर हो गई जब उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए और सशस्त्र बलों के बारे में बुरा बोला।

प. बंगाल : राज्यपाल बोस के खिलाफ महिला की शिकायत की जांच के लिए पुलिस ने गठित की टीम

कोलकाता (भाषा) कोलकाता पुलिस ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक जांच टीम का गठन किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि टीम अपनी जांच के तहत अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी और उसने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध किया है। संविधान के अनुच्छेद-361 के तहत किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने एक जांच टीम का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगी। हमने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने पर उसे साझा करने का भी अनुरोध किया है। यह पूछे जाने पर कि राज्यपाल को संवैधानिक छूट मिलने के बावजूद पुलिस कैसे जांच शुरू कर सकती है?

पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी शिकायत, खासकर किसी महिला से शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू करना एक नियमित प्रक्रिया है। पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमें किसी के भी द्वारा दी गई शिकायत की जांच करनी होती है। यह एक नियमित प्रक्रिया है और हम बस इसका पालन कर रहे हैं। और यदि आवश्यकता हुई तो हम घटनास्थल (राजभवन) का दौरा कर सकते हैं। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने शुक्रवार को बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
41 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 41 YEARS 2022
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में अनुभवी पत्रकार चाहिए जो कानपुर मंडल, आगरा मंडल व मुरादाबाद मंडल के अलग अलग क्षेत्रो से निष्पक्ष पत्रकारिता का मिसाल पेश कर सकें। साथ ही, फीचर लेखक व फोटो जर्नलिज्म में अपना केरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते है।
011-49066569, 7080333338, 9990373338
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
vplmedia@yahoo.com. www.nationalexpress.co.in
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
Join our facebook Group fb/groups/ nationalexpressindia

ब्रीफ समाचार

नव संशोधित कानून पर राजस्थान पुलिस अकादमी में संपन्न हुई एक दिवसीय कार्यशाला

- जयपुर पुलिस कमिश्नरेट एवं केंद्रीय गुप्त प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था आयोजन
- कार्यशाला में नव संशोधित आपराधिक कानून के बारे में विस्तार से की गई चर्चा

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

जयपुर(राजस्थान)। नव संशोधित कानूनों पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर के सभागार में शनिवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें नव संशोधित आपराधिक कानून के बारे में विस्तार से चर्चा कर बदलावों के बारे में प्रकाश डाला गया। यह कार्यशाला पुलिस कमिश्नरेट एवं सीडीटीआई जयपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी।इस एक दिवसीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस एवं सीबीआई के पूर्व स्पेशल निदेशक डॉ डीसी जैन ने नए अधिनियमित आपराधिक अधिनियमों के साथ-साथ नए शुरू किए गए प्रावधानों और धाराओं में बदलावों के बारे में संक्षेप में प्रकाश डाला।इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट निशीथ दीक्षित ने नए अपराधिक कानूनों में बुनियादी तकनीकी बदलावों के बारे में जानकारी दी।केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान(सीडीटीआई)के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर,आईपीएस ने बताया कि कार्यशाला में नव संशोधित व अधिनियमित प्रमुख आपराधिक अधिनियम(बीएनएस,बीएनएसएस एवं बीएसए पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमे पुलिस कमिश्नर जयपुर बीजू जार्ज जोसेफ,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात प्रीति चंद्रा एवं राजस्थान पुलिस के कई अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

स्मैक सहित आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ

फरीदाबाद(हरियाणा)।पुलिस उपायुक्त,अपराध,हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने नशा तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साकिर नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है।आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से एनआईटी रेलवे रोड एनआईटी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 6.64 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध नशा तस्करी में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक को दिल्ली सदर बाजार में किसी व्यक्ति से 9000/-रु में बेचने व प्रयोग करने के लिए खरीद कर लाया था।आरोपी ने कुछ को प्रयोग कर लिया है।आरोपी पर पूर्व में चोरी,नशा तस्करी के थाना सारन,डबुआ,एनआईटी मे मुकदमा दर्ज है।जिसमें आरोपी जेल जा चुका है।आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

गढ़वा:रमकंडा में बीजेपी नेता की हत्या मामले में 8 लोगों को आजीवन कारावास, प्रेम प्रसंग में ली गई थी जान

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)।गढ़वा जिले के रमकंडा बाजार में हुए बीजेपी नेता गोपाल चौरसिया की सरेआम कुल्हाड़ी से काटकर हत्या किये जाने के मामले पर आठ आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है,वहीं प्रत्येक आरोपी को 20-20 रुपये आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,गढ़वा,राजेश शरण सिंह के अदालत में एक मत होकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के आरोप में आठ आरोपियों को यह सजा सुनाई गई है।

सरेआम दिया गया था घटना को अंजाम

आपको बताये कि सजा पाने वालो मे रमकंडा थाना निवासी चंद्रभूषण कुमार उर्फ टुनु,उसके पिता महेंद्र प्रसाद,नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद और इनके भाई बसंत प्रसाद,प्रदीप प्रसाद,सत्येंद्र प्रसाद,संदीप प्रसाद लालदीप प्रसाद का नाम शामिल है।

आपको बता दें कि रमकंडा के बाजारटोला निवासी बीजेपी नेता गोपाल चौरसिया की 23 अक्टूबर 2019 की शाम करीब 5:15 मिनट पर रमकंडा बाजार में सरेआम दौड़ाकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गयी थी।इस घटना के बाद बीजेपी नेता की बेटी दीपा ने इन आरोपियों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।वहीं हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए रमकंडा में आंदोलन किया गया था।वहीं सड़क जाम किया गया था।

प्रेम प्रसंग में ली गई थी जान

हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था,लेकिन कुछ दिनों बाद कोर्ट ने इन्हें जमानत दी थी।पुलिस अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आया कि मृतक गोपाल प्रसाद का छोटा बेटा अनीश कुमार और महेंद्र प्रसाद की पुत्री के बीच प्रेम संबंध था और दोनों घर से भाग कर शादी कर लिए थे।जिसकी वजह से दोनों पक्षों में विवाद था।इसकी वजह से इन आरोपियों ने गोपाल की हत्या कर दी थी।

खूंटी,लोहरदगा,चाईबासा और पलामू में क्या है चुनावी मुद्दा,स्थानीय मुद्दों का जोर या राष्ट्रीय मुद्दों का शोर ?

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)।झारखंड में लोकसभा चुनाव का सियासी संग्राम शुरू हो गया है।भीषण गर्मी के बावजूद विभिन्न पार्टी के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं।वहीं लोकसभा चुनावों में पूरे दमखम से जुटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में चुनाव प्रचार का आगाज चाईबासा से कर दिया है।दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे पीएम मोदी की पहली जनसभा चाईबासा में हुई।आज पलामू और सिसई में होने वाली है।चौथे फेज में 13 मई को झारखंड के चार सीटों खूंटी, लोहरदगा,चाईबासा और पलामू में मतदान होना है।जिसके लिए सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है।

चार सीटों पर क्या है असली मुद्दा

झारखंड के जिन चार लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होना है।वहां कई ऐसे मुद्दे हैं जिस पर काम होने बाकी हैं,अगर हम खूंटी संसदीय क्षेत्र की बात करें तो यहां आज भी शिक्षा,बेरोजगारी,पलायन,पेयजल मूल समस्या है।यह इलाका आज भी नक्सल प्रभावित है।सरकारी तंत्र द्वारा समस्याओं को दूर करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए,इसके बावजूद क्षेत्र की समस्या दूर नहीं हुई।अभी भी सरकार को यहां बहुत कुछ करना बाकी है।लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में भी कमोबेश यही समस्या है।गुमला-लोहरदगा जिले में बॉक्साइट के भंडार हैं,पर क्षेत्र बेरोजगारी,पलायन,मानव तस्करी से जूझ रहा है।यहां कारखाना लग जाए तो क्षेत्र का कायाकल्प हो जायेगा।कई ऐसे इलाके हैं जहां अभी भी रेल लाइन,बिजली और सड़क नहीं है।अगर ये सुविधाएं लोगों को मिल जाए तो क्षेत्र का समग्र विकास होगा।क्षेत्रीय दल समय-समय पर मांगे उठाई है,पर प्रमुख पार्टियों की उदासीनता खलती है।सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में आदिवासियों की जिंदगी में कोई बदलाव नहीं आया है।इस इलाके की पहचान अब भी आर्थिक रूप से पिछड़े इलाकों में होती है।इस क्षेत्र की एक बड़ी आबादी गांवों में रहकर खेती और जंगल से लकड़ी काटकर अपना पेट पालते है।रोजगार के साधन नहीं होने के कारण इनके जीवन में कोई सुधार नहीं आया है।उद्योग धंधों का घोर अभाव है।यहां भी बेरोजगारी और पलायन बड़ी समस्या है।बीते दस सालों में कोई नया उद्योग नहीं लगा है।

सिंहभूम के कई क्षेत्रों में आज भी बिजली नहीं पहुंची है।सड़क निर्माण नहीं हुआ है।पलामू लोकसभा क्षेत्र में भी कई ऐसे मुद्दें हैं,जिसपर काम अभी तक नहीं हुआ है।यहां पेयजल,सिंचाई,बिजली,सड़क,बेरोजगारी,पलायन आज भी बदस्तूर जारी है।बीते दस साल से भाजपा के बीडी राम सांसद हैं,लेकिन कई इलाकों में अभी भी काम अधूरा है।पलामू संसदीय क्षेत्र के कई इलाके आज भी नक्सलियों से प्रभावित है।

झारखंड में है ये बड़ा मुद्दा

झारखंड में वनोपज,वनाधिकार कानून,पेशा एक्ट, सरना धर्म कोड,स्थानीयता सहित कई ऐसे स्थानीय मांग है,जो आज तक पूरी नहीं हुई।बड़े-बड़े नेता चुनावी मौसम में आकर इन मांगों पर हुंकार भरते हुए आश्वासन तो देते हैं,लेकिन इस मांगों पर कभी भी कोई काम नहीं हुआ।यहां जल,जंगल,जमीन की राजनीति हमेशा होती रही है।सभी पार्टियों के नेता भी कहते हैं कि हम इसकी रक्षा करेंगे।

जबकि पूरे झारखंड में ये एक बड़ा मुद्दा है।यहां राष्ट्रीय मुद्दे पर वोट पाना आसान नहीं है।यहां नेताओं के मन में झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में आदिवासी और उनसे जुड़े मुद्दे अहम हैं,लेकिन सवाल ये है कि क्या आदिवासी भी अपने इन मुद्दों को ध्यान में रखकर ही वोट करेंगे।

ओडिशा के पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने लौटाया टिकट

चुनाव प्रचार के लिए फंड नहीं मिलने का दिया हवाला
पार्टी महासचिव के.सी.वेणुगोपाल को लिखी चिट्ठी

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

ओडिशा।ओडिशा के पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने पार्टी को बड़ा झटका दिया है और यहां से चुनाव लड़ने से इनकार करते हुए अपना टिकट लौटा दिया है।सुचारिता ने वेणुगोपाल को पत्र लिखा है और चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।सूरत-इंदौर के बाद पुरी से भी कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।

पुरी से बीजेपी के प्रत्याशी संबित पात्रा हैं

सुचारिता मोहंती ने कहा कि उनके पास चुनाव लड़ने के पैसे नहीं हैं।फंड के लिए जब उन्होंने पार्टी का दरवाजा खटखटाया तो वहां से भी मदद नहीं मिली।ऐसे में बिना फंड के चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है तो टिकट वापस कर रही हूं।सुचारिता पेशे से पत्रकार हैं। उन्होंने के सी वेणुगोपाल को ईमेल करके टिकट लौटाने की बात कही है।सुचारिता ने कहा कि पार्टी उन्हें चुनाव के लिए बिलकुल भी फंड नहीं दे रही है,जिसकी वजह से उन्हें चुनाव प्रचार करने में परेशानी हो रही है।उनके खिलाफ बीजेपी के प्रत्याशी संबित पात्रा चुनाव मैदान में हैं।फंडिंग की कमी की बात करते हुए सुचारिता ने एक डोनेशन के लिए सोशल मीडिया पोस्ट भी लिखा था।मीडिया में जो सूचना है उसके अनुसार सुचारिता ने अपना टिकट लौटा दिया है।हालांकि पार्टी ने अभी इसपर कोई बयान नहीं दिया है।

नवादा :लूट कांड मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग युवक को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/सोनी कुमार वर्मा

पटना(बिहार)।नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने लूट कांड मामले में तीन नाबालिग युवक को गिरफ्तार किया है,साथ ही लूटे गए रुपया व मोबाइल भी बरामद किया गया है।सदर डीएसपी-(2) सुनील कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 29 अप्रैल 2024 कहुआरा से नवादा जाने के क्रम में आषाढी.पुल के समीप अज्ञात अपराधी 56 की संख्या में जबरन मोटरसाइकिल रुकवा कर मोबाइल तथा ₹20000 लूट लिया था।

इस संबंध में मुफस्सिल थाने में प्राथमिक दर्ज की गई थी।वहीं दूसरी घटना 1 में 2024 को सुबोध कुमार के मोटरसाइकिल से नारदीगंज से अपना घर झिकटौरा आने के क्रम में इसी स्थान पर 56 की संख्या में अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा ₹35000 एवं उनका मोबाइल लूट लिया गया।दोनों कांडों के अनुसंधान एवं तकनीकी गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एवं पूछ-ताछ मे तीन नाबालिग अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।इनके द्वारा पूछताछ के क्रम में बताए गए स्थान झुनाठी के मूंग लगे खेत में लूट हुआ दो मोबाइल और इन्हीं तीनों के घर से कुल मात्र 4500 रुपए बरामद किया गया है तथा इस कांड में संयुक्त अन्य अपराधकर्मियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

तिवारी गैंग के 9 अपराधी को नवगछिया पुलिस ने किया गिरफ्तार,लूट की योजना बना रहे थे अपराधी

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ

पटना(बिहार)।सूबे बिहार के पुलिस जिला नवगछिया के एनएच- 31के किनारे एक होटल में अपराध की योजना बना रहे आधा दर्जन से अधिक अपराधियों को नवगछिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।दरअसल,नवगछिया पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एनएच- 31के किनारे बंधु होटल में कुछ अपराधी जमा होकर अपराध की योजना बना रहे हैं।वही पुलिस ने गुप्त सूचना को सत्यापन कर नवगछिया एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच- 31स्थित होटल पहुंचकर होटल की तलाशी ली,जहां पर हॉलनुमा कमरे में अपराध की योजना बना रहे नौ अपराधियों को संदिग्ध हालत में अवैध हथियार,नगद रुपए एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार सभी आरोपी बिहार के अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं।गिरफ्तार अपराधी में पांच आरोपियों के खिलाफ पहले से अलग-अलग जिलों के थानों में कई आपराधिक मामला दर्ज है।मामले को लेकर पुलिस जिला नवगछिया के पुलिस अधीक्षक पुरण झा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच के किनारे एक होटल में आधा दर्जन अपराधियों के द्वारा अपराध की योजना बनाई जा रही है।गुप्त सूचना को सत्यापन कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।जिसमें थानाध्यक्ष,अपर थानाध्यक्ष की टीम को शामिल किया गया था।इस टीम के द्वारा छापामारी करते हुए कुल 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी के पास एक देसी कट्टा,एक जिंदा कारतूस,दो मोटरसाइकिल,21 हजार नगद,एक एंड्राइड मोबाइल,पांच कीपैड मोबाइल,एक पासबुक,दो ब्लैक चेक,दो आधार कार्ड बरामद किया गया है।गिरफ्तार अपराधी की पहचान कमालपुर निवासी अरुण तिवारी के पुत्र अजीत तिवारी,साहब तिवारी के पुत्र अक्षय तिवारी,हाजीपुर जिले के निवासी मनोज तिवारी के पुत्र राहुल कुमार,वैशाली जिला निवासी नंदू पांडे के पुत्र शत्रुघ्न पांडे,राम विजय पांडे के पुत्र गोविंद पांडे, रामाशीष पांडे के पुत्र आशीष पांडे,राजेश मिश्रा के पुत्र छोटू मिश्रा एवं बेगूसराय के निवासी अरविंद पांडे उर्फ दीपक एवं मुजफ्फरपुर के निवासी राजेंद्र मिश्रा के पुत्र राहुल कुमार उर्फ दुधानी मिश्रा शामिल है।सभी अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

झालावाड़ जिले की दांगीपुरा पुलिस ने महिला की हत्या में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

जयपुर/झालावाड़।झालावाड़ में पैसों के लेनदेन को लेकर एक विधवा महिला की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी देव सिंह तंवर पुत्र जय सिंह(40) निवासी मोतीपुरा को थाना दांगीपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी ने महिला की हत्या कर गुवाड़ी पुलिया के नीचे एक पानी के गड्ढे में फेंक दिया था।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि 30 अप्रैल की सुबह गुवाडी पुलिया के नीचे पानी में थाना दांगीपुरा पुलिस को एक महिला की लाश मिली थी,जिसकी पहचान पीथापुरा निवासी कमली बाई के रूप में की गई। मृतक कमली बाई के बेटे बंकट सिंह तंवर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी मां 28अप्रैल को बेटी से मिलने कंवरिया खेड़ी गई थी।अगले दिन उसे मोतीपुरा निवासी देव सिंह से उधारी के डेढ़ लाख रुपए लेने थे,इसलिए रात को वहीं रुक गई।आज उसकी मां की लाश गुवाड़ी पुलिया के नीचे मिली है।देव सिंह और उसके साथियों द्वारा उसकी मां की हत्या की गई है।रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देख अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा व सीओ जरनैल सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ सत्यनारायण गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नामजद आरोपी की तलाश की तो वह लापता मिला और उसके मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहे थे। पुलिस ने आरोपी देव सिंह को पाटड़ी जोड़ मध्य प्रदेश व गांव छान का पूरा के बीच पहाड़ियों से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

गुरु जी के खिलाफ पर पोस्ट करते ही दुमका में मचा हंगामा,अब हाथ जोड़ कर सीता सोरेन मांग रही माफी

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)।दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी है सीता सोरेन।सीता सोरेन जब से झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामी है तब से सोशल मीडिया पर कुछ ज्यादा सक्रिय नजर आ रही है।भाजपा का गुणगान हो या देवर देवरानी पर हमला,सोशल साइट को माध्यम बना रही है।लेकिन कभी कभी दाव उल्टा पड़ जाता है।इस वजह से उन्हें फजीहत भी झेलनी पड़ती है।

देखिए सीता सोरेन ने पहले क्या किया था पोस्ट

दरअसल सीता सोरेन के एकाउंट से एक पोस्ट किया गया।सबसे पहले बताते है क्या लिखा गया था उस पोस्ट में-परिवारवादी शहजादे और बाप बेटे की जोड़ी ने झारखंड को लूट का अड्डा बनाकर छोड़ दिया है।लेकिन अब जनता ने ठान लिया है कि इस बार ठगबंधन का पूरी तरह से सफाया होगा। 14 के 14 सीटों पर झारखंड की जनता कमल खिलाएगी।यह पोस्ट तब किया गया जब पीएम नरेंद्र मोदी 3 मई को झारखंड के दौरे पर आने वाले थे।पोस्ट के माध्यम से हेमंत और बसंत के साथ साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी निशाने पर लिया गया था।बताते चलें कि झामुमो छोड़ने के बाबजूद सीता सोरेन ने हर मंच से शिबू सोरेन को सम्मान दिया।इतना ही नहीं गांडेय में कल्पना सोरेन के नॉमिनेशन के बाद आयोजित जनसभा में मंच पर दिशोम गुरु को देख कर आगबबूला हो गयी और गुरु जी के स्वास्थ्य का हवाला देकर कल्पना पर जमकर हमला बोली थी।इस स्थिति में सीता सोरेन के नए पोस्ट को यूजर ने आड़े हाथों लिया।सीता सोरेन के नए

और पुराने पोस्ट को मिलाकर एक यूजर द्वारा नया पोस्ट बनाया गया और कैप्शन में लिखा गया-एक तरफ झूठी चिंता और दूसरी ओर ऐसी मानसिकता देखते ही देखते यह पोस्ट ट्रेंड करने लगा। सीता सोरेन की फजीहत होने लगी।

3 मई की शाम सीता सोरेन ने पर पोस्ट कर मांगी माफी

बात बिगड़ता देख 3 मई की शाम सीता सोरेन ने पर एक नया पोस्ट किया।जिसमें लिखा-अभी-अभी पता चला है कि मेरे सोशल मीडिया अकाउंट से एक ट्वीट पोस्ट किया गया है जो असंवेदनशील है और मैं इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।चुनावी व्यस्तताओं के कारण मैं अपना सोशल मीडिया खुद नहीं चला पा रही हूं,और इसकी जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया टीम को दी थी जिसकी तरफ से चूक हुई है।मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही कर दी गई है।साथ ही मैं ये कहना चाहती हूं कि जिसने भी मेरी राजनीति को देखा है वे जानते हैं कि मैं बाबा का कितना सम्मान करती हूं पर कुछ लोग इतने मुद्दा विहीन हैं कि इस ट्वीट का राजनैतिक फायदा उठाना चाहते हैं। झारखंड की जनता से आग्रह है कि इनकी भ्रामक बातों में न फंसे।इसमें कोई शक नहीं कि पार्टी और परिवार से बगावत का बाबजूद भाजपा के हर मंच से सीता सोरेन ने दिशोम गुरु के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला।हमेशा गुरुजी के सम्मान में बोलते नजर आयी।इसके बाबजूद सीता सोरेन के सोशल साइट एकाउंट पर इस तरह का पोस्ट पढ़ कर लोग आश्चर्य चकित रह गए और यूजर को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया और सीता सोरेन को जमकर ट्रोल किया जाने लगा।अब जबकि सीता सोरेन ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है और पोस्ट पर उचित कार्यवाही भी कर दी है इसके बाबजूद यह पोस्ट चर्चा में बना हुआ है।

कानपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो निकाला

लखनऊ, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में गुमटी गुरुद्वारा से एक रोड शो शुरू किया।

प्रधानमंत्री ने शनिवार शाम को कानपुर एवं अकबरपुर संसदीय क्षेत्रों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में गुमटी गुरुद्वारा से रोड शो की शुरुआत की। मोदी ने इससे पहले गुरुद्वारा में पहुंचकर मत्था टेका।

प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए सड़क के दोनों किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और उनकी अगुवानी में नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कानपुर में खुले वाहन पर सवार होकर तथा हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह लेकर रोड शो शुरू किया । मोदी के साथ

वाहन पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कानपुर के उम्मीदवार रमेश अवस्थी और अकबरपुर के उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले सवार हैं।

कुर्ता और सदरी पहने तथा दोनों तरफ कमल निशान वाले भगवा रंग का गमछा लगाए मोदी और उनके साथ योगी समेत वाहन पर सवार भाजपा नेता भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन करते और आम जन का जवाब देते देखे गये। लोग कमल निशान वाले कटआउट लहराकर भी मोदी का स्वागत कर रहे थे।

इस बीच कमल निशान चाले टार्च की रोशनी जलाकर भी मोदी का स्वागत कर रहे और काफिला फजलगंज की ओर आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। रोड शो के रास्ते में पड़ने वाले मकानों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है।

एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर जीटी रोड पर यातायात पूरी तरह परिवर्तित कर दिया गया है ।

प्रधानमंत्री रोड शो में शामिल होने के लिए यहां हवाई अड्डे से एक काफिले में गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे और मत्था टेकने के बाद रोड शो शुरू किया।

नोएडा में सोसायटी की छत से गिरा व्यक्ति, मौत

नोएडा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक सोसायटी की छत से गिरकर एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नोएडा थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर 44 स्थित ओमेक्स सोसायटी में 48 वर्षीय एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति कौन था और सोसायटी में कहां से आया इसकी जानकारी वहां के लोगों को नहीं थी। पुलिस को आशंका है कि यह व्यक्ति किसी के घर पर काम करने आया था या फिर चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए सोसायटी में घुसा था। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।--

गाजियाबाद में टाटा स्टील्स के कर्मचारी की हत्या

गाजियाबाद (उप्र), (भाषा) गुरुग्राम में टाटा स्टील्स में कार्यरत एक व्यक्ति की गाजियाबाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार टाटा स्टील्स के कर्मचारी विनय त्यागी (40) की शुक्रवार रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई, उनका शव राजेंद्र नगर में उनके घर के पास सड़क किनारे मिला।

आज सुबह पुलिस को शव के संबंध में सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने मृतक के परिवार द्वारा दी गई जानकारी के हवाले से बताया कि विनय त्यागी गुरुग्राम से अपने कार्यालय से लौट रहे थे और उन्होंने

अपनी पत्नी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पर मिलने को कहा।

गौतम ने बताया कि उनकी पत्नी मेट्रो स्टेशन पहुंची लेकिन त्यागी वहां नहीं मिले और उन्होंने फोन का भी कोई जवाब नहीं दिया।

उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद उनकी पत्नी घर लौट आई और परिवार के सदस्यों को पूरी बात बताई, जिस पर सभी मिलकर त्यागी की तलाश करने लगे।बाद में घर से कुछ मीटर की दूरी पर त्यागी का शव मिला।

एसीपी गौतम ने कहा कि पुलिस त्यागी के घर और मेट्रो स्टेशन के बीच लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटा रही है। मामले में छानबीन की जा रही है।

उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दो श्रमिकों की मौत

नोएडा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक मकान के सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि नोएडा सेक्टर-26 में रहने वाले सुमित चावला ने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए शुक्रवार शाम दो लोगों को बुलाया था।

उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति जब सेप्टिक टैंक में सफाई करने उतरे तो उनका दम घुटने लगा और देखते ही देखते दोनों जहरीली गैस के चपेट में आ गए।

अधिकारी ने बताया कि दोनों को बाहर निकालकर कैलाश अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी अस्पताल से मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को

कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान नूनी मंडल और तपन मंडल के रूप में हुई, जो सेक्टर नौ जेजे कॉलोनी के रहने वाले थे। दोनों मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मालदा जनपद के रहने वाले थे।

घटना के सामने आने के बाद सैकड़ों की संख्या में झुग्गी वासी और सफाईकर्मी नोएडा के सेक्टर-20 थाना पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया हालांकि पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर उन्हें शांत करवाया।

सफाई कर्मी जयप्रकाश पारचा ने आरोप लगाया कि मकान मालिक ने बगैर सुरक्षा उपायों के गरीब मजदूरों को टैंक में सफाई के लिए उतार दिया। उन्होंने मृतक मजदूरों के परिजनों को 30-30 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में मृतक के परिजनों ने मकान मालिक के खिलाफ शिकायत दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आगरा में अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर हंगामा

आगरा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र अंतर्गत एक अस्पताल में उपचार के दौरान एक जच्चा और उसके एक बच्चे की मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी ।

परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही की वजह से दोनों की जान गयी है। परिवार के लोगों ने दोनों के शव अस्पताल के बाहर रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस संबंध में थाना ट्रांस यमुना प्रभारी सुमनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कांग्रेस और भाजपा, आरक्षण के खिलाफ हैं : मायावती

आगरा (उप्र), (भाषा) बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को आरोप लगाया कि आरक्षण के मुद्दे पर बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस और भाजपा वास्तव में इसके खिलाफ हैं और दोनों दल नहीं चाहते कि इसका पूरा लाभ दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तक पहुंचे।

बसपा अध्यक्ष ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''आरक्षण को लेकर आज कई बातें कही जा रही हैं। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों दलित, आदिवासी एवं ओबीसी वर्गों के लिए आरक्षण के मुद्दे पर बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। लेकिन दोनों दरअसल इसके खिलाफ हैं और नहीं चाहते कि इसका पूरा लाभ इन वर्गों तक पहुंचे।''

इस बात पर जोर देते हुए कि सरकारी नौकरियों में आरक्षित श्रेणियों के लिए रिक्त पद नहीं भरे गए हैं और पदोन्नति में कोटा भी अप्रभावी बना दिया गया है, उन्होंने यह याद

दिलाया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान समाप्त कर दिया गया था।

बसपा नेता ने कहा, "आपको पता होना चाहिए कि जब यह मामला हमारी पार्टी ने संसद में उठाया था और हमने सरकार पर पदोन्नति में आरक्षण के लिए एक संशोधन विधेयक लाने के लिए दबाव डाला था, तो कांग्रेस, जो सत्ता में थी और भाजपा ने एक दूसरे के साथ मिलीभगत कर ली थी। समाजवादी पार्टी को आगे रखकर इसे भाजपा और कांग्रेस की मिलीभगत के कारण पास नहीं होने दिया गया ।"

आगरा, फतेहपुर सीकरी और हाथरस से बसपा उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगते हुए, उन्होंने अपने समर्थकों से रिकॉर्ड अंतर से जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया ।

बसपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार द्वारा गरीबों को बांटे जा रहे मुफ्त अनाज का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा इसे चुनाव के समय भुनाने की कोशिश कर रही है ।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर किया हमला, पांच जवान घायल

जम्मू, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे। इस हमले में पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।

'इंडिया' गठबंधन सरकार गठित करने के बाद सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ करेगा: अखिलेश

बदायूं/फिरोजाबाद (उप्र) (भाषा) समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ नकली बातें एवं झूठे वादे करने के कारण तीसरे चरण के चुनाव में ही भारतीय जनता पार्टी का सफाया करने जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन सरकार गठन करने के बाद सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ करेगा।

बदायूं लोकसभा के सहसवान विधानसभा क्षेत्र के कस्बा नाधा में आयोजित समाजवादी पार्टी की जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सात तारीख को तीसरे चरण के चुनाव में जनता भाजपा को सात समुंदर पार फेंक देगी।

बदायूं की सभा के अलावा फिरोजाबाद में सपा प्रत्याशी अक्षय यादव के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने भाजपा पर जमकर प्रहार करते हुए कहा, ₹भाजपा ने किसानों को भी धोखा दिया। उनकी आय नहीं बढ़ी है लेकिन

हर चीज की कीमतें बढ़ गई हैं।₹

उन्होंने कहा, ₹हम गरीबों को मुफ्त डेटा और आटा देंगे। इससे न केवल गरीबों को पोषण पाने में मदद मिलेगी बल्कि उनके बच्चे मुफ्त डेटा का उपयोग पढ़ाई और जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने में भी कर सकेंगे।₹

सभाओं में उन्होंने कहा कि यह चरण उनका (भाजपा) सफाया करने जा रहा है। उन्होंने कहा, "सफाया इसलिये होने जा रहा हैं क्योंकि इन्होंने कोई वर्ग नहीं छोड़ा जिससे इन्होंने नकली बातें न की हो। पिछले दस साल का इनका हिसाब किताब देखें तो इनकी हर बात झूठी निकली और वादे झूठे निकले।"

फिरोजाबाद की रैली में सपा नेता शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव ने भी अखिलेश यादव के साथ मंच साझा किया। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव रामगोपाल यादव के बेटे हैं। उन्होंने भाजपा पर युवाओं को नौकरी नहीं देने और परीक्षा पत्र लीक करने का आरोप लगाया।

यादव ने कहा, "जो लोग कहते थे, आय दोगुनी कर देंगे उन्होंने किसानों के लिये तीन काले कानून लाने का काम किया था। उनकी साजिश थी कि हम किसानों की जमीन छीन कर पैदावार पर कब्जा कर ले। लेकिन हम अपने किसानों को बधाई देना चाहते हैं कि उन्होंने जाकर दिल्ली में धरना दिया । किसान तब तक डटे रहे जब तक सरकार ने तीनों काले कानून वापस नहीं ले लिये ।"

सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभी किसानों की लड़ाई खत्म नहीं हुई हैं ।

यादव ने कहा कि इन्होंने (भाजपा) किसानों से वादा किया था कि उनका कर्ज माफ करेंगे । इन्होंने बड़े-बड़े उद्योगपतियों का तो कर्ज माफ कर दिया लेकिन हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया।

उन्होंने कहा, "हम अपने किसान भाईयों को विश्वास दिलाते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो आपका भी कर्ज पूरा का पूरा माफ होगा। अगर उद्योगपतियों का कर्ज माफ हो सकता है तो हमारे किसानों का कर्ज क्यों नहीं माफ होगा ।" उन्होंने कहा कि देश में फौज की नौकरी चार साल करके जवानों को अग्निवीर बना दिया गया, हमारी सरकार बनेगी तो अग्निवीर जैसी व्यवस्था को हमेशा हमेशा खत्म कर देंगे ।

उत्तर प्रदेश के नोएडा में सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर पलटा, पांच लोग घायल

नोएडा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के नोएडा में सीमेंट से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गया, जिससे कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना रबूपुरा थाना क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुर गांव के पास हुई।

रबूपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात को खेड़ा धर्मपुरा के पास सीमेंट से भार एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और वहां से गुजर रही एक बलेनो कार के ऊपर जा गिरा।

उन्होंने बताया कि इस घटना में कार में सवार फरीद खान, उनकी पत्नी सफा, बेटे अफजाल व अली और चाचा मुकीम फंस गए।

अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकला।

उन्होंने बताया कि पांचों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

योगी आदित्यनाथ का फर्जी वीडियो डालने के आरोपी के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

नोएडा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के आरोपी श्याम किशोर गुप्ता के खिलाफ एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना सेक्टर-49 में रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि बरौला गांव में रहने वाले धर्मवीर नामक व्यक्ति ने बीती रात थाने में शिकायत दी कि रेहड़ी- पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ठेली- पटरी वालों से रंगदारी मांगता है, पैसे ना देने पर वह जेल भिजवाने की धमकी देता है। उन्होंने बताया शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुप्ता पर बुधवार को आदित्यनाथ का फर्जी वीडियो अपने 'एक्स' सैंडल पर अपलोड करने का आरोप है।

वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसटीएफ की नोएडा इकाई ने सेक्टर 36 स्थित साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया।--

सीजेआई चंद्रचूड़ ने किशोर साइबर अपराधों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया

काठमांडू, चार मई (भाषा) भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी के त्वरित विकास की पृष्ठभूमि में नाबालिगों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके सामंजस्य स्थापित करना होगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नेपाल के प्रधान न्यायाधीश (सीजेएन) बिश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ के निमंत्रण पर नेपाल की तीन-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं।

किशोर न्याय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने बच्चों और उन जटिल सामाजिक प्रणालियों के बीच जटिल संबंधों पर प्रकाश डाला, जिनसे उन बच्चों को गुजरना होता है।

उन्होंने बताया कि बच्चे कोरे मनोमस्तिष्क के साथ दुनिया में प्रवेश करते हैं, फिर भी उनकी नाजुकता और भेद्यता उन्हें असंख्य कारकों के प्रति संवेदनशील बनाती है, जो उन्हें भटका सकती हैं, यथा- आर्थिक कठिनाई, माता-पिता की लापरवाही और साथियों का दबाव।

उन्होंने कहा, ''किशोर न्याय पर चर्चा करते समय, हमें कानूनी विवादों में उलझे बच्चों की कमजोरियों और उनकी अनूठी जरूरतों को पहचानना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी न्याय प्रणालियां समाज में सहानुभूति, पुनर्वास को बढ़ावा दे और पुनः एकीकरण के अवसरों को अनुकूल बनाए।''

उन्होंने कहा कि किशोर न्याय की बहुमुखी प्रकृति और समाज के विभिन्न आयामों के साथ इसके अंतर्संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि प्रौद्योगिकी का विकास तेजी से हो रहा है और किशोर हैकिंग, साइबर क्षेत्र में किसी पर दबाव डालना, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न जैसे साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म की गुमनामी और पहुंच प्रवेश की बाधाओं को कम करती है, जिससे युवा व्यक्ति अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित होते हैं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''इसका तेजी से प्रसार किशोरों की ऑनलाइन खतरों के प्रति संवेदनशीलता को उजागर करता है। डिजिटल युग में युवाओं को शिक्षित और सुरक्षित करने के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता है और डिजिटल साक्षरता, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार तथा प्रभावी अभिभावक मार्गदर्शन पर जोर देना साइबर

से संबंधित जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण घटक साबित होगा।''

उन्होंने कहा कि किशोर न्याय प्रणालियों को ''अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र को बढ़ाकर और किशोरों से जुड़े डिजिटल अपराधों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति से निपटने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके सामंजस्य स्थापित करना चाहिए''।

सीजेआई ने कहा, ''इसमें प्रत्यर्पण और स्वदेश वापसी के लिए प्रोटोकॉल स्थापित करना, साथ ही कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच सूचना साझा करना और सहयोग को सुविधाजनक बनाना शामिल है।''उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर, बाल संरक्षण नियमों में विशिष्ट प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि किशोर न्याय प्रणाली में शामिल सभी हितधारकों के पास बच्चों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल हैं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''अक्सर, हम किशोरों के सुधार पर विचार करने के बजाय उनके द्वारा किए गए अपराधों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। इस प्रकार किशोर अपराध की जटिल प्रकृति को स्वीकार करना और एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक हो जाता है, जो इस तरह के व्यवहार में योगदान देने वाले अंतर्निहित सामाजिक-आर्थिक कारकों से निपटता हो।''

सीजेआई ने भारत और नेपाल की किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा, ''रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों को अमल में लाकर हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं, जो अधिक समावेशी हो और प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता पूरी करने का अवसर प्रदान करे।''

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किशोर न्याय सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करके एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि बच्चों की भलाई को सबसे आगे रखकर और पुनर्वास एवं सहायता सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके, किशोर न्याय प्रणाली युवा अपराधियों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करती है।

मुख्य अतिथि के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, नेपाल के प्रधान न्यायाधीश श्रेष्ठ ने किशोर न्याय के क्षेत्र में नेपाल की महत्वपूर्ण प्रगति को स्वीकार किया, साथ ही उन क्षेत्रों पर प्रकाश भी डाला जिन पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया, ''नेपाल ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत कानून बनाए हैं, हालांकि, इन प्रावधानों का कार्यान्वयन एक चुनौती बनी हुई है, जिसका निदान किया जाना चाहिए।''

न्यायमूर्ति श्रेष्ठ ने बाल-सुलभ तरीके से किशोर न्याय देने के सर्वोपरि महत्व को रेखांकित किया, जिसमें शामिल युवा व्यक्तियों के सर्वोत्तम हितों और कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है।

कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री पदम गिरि ने कहा कि 1990 में बाल अधिकारों से संधि का हस्ताक्षरकर्ता बनने के बाद, नेपाल ने बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और बच्चों से संबंधित अपराध को कम करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में नेपाल बाल मृत्यु दर के साथ-साथ बाल विवाह और बाल श्रम के मामलों को भी काफी हद तक कम करने में सक्षम हुआ है।

नेपाल के उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता वेद प्रसाद उप्रेती के अनुसार, इससे पहले दिन में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पशुपतिनाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान शिव की पूजा अर्चना की।

उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने काठमांडू घाटी में हनुमानधोका, पाटन दरबारस्क्वेयर, भक्तपुर दरबारस्क्वेयर और स्वयंभूनाथ स्तूप सहित विभिन्न विरासत स्थलों का भी दौरा किया।

मां-बेटी से मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

भोजपुर। शनिवार को वाकरपुर अटायन गांव निवासी अमीना ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया करीब सुबह 6 बजे गांव के ही मासूम अली, शादाब, शाने अली, नदीम पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ला रहे थे। महिला का आरोप है इन लोगों ने जान-बूझकर ट्रॉली उसके मकान में मार दी। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उक्त लोगों ने मां-बेटी के साथ मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट(यूपी बोर्ड इलाहाबाद) के प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए है। जिनका अनुक्रमांक हाईस्कूल 0763651 वर्ष 2018 तथा इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 0564273 वर्ष 2020 है।

प्रिंन्सी गहलोत पुत्री कपिल कुमार, निवासी अहरौला, तह० चाँदपुर, जिला बिजनौर।

साहित्य एक्सप्रेस

अत्यंत हर्ष का विषय है कि 'साहित्य एक्सप्रेस' पृष्ठ का संपादन विभिन्न विधाओं में सौ पुस्तकों का सृजन करने वाले जाने माने साहित्यकार गिरीश पंकज कर रहे हैं। लेखक बंधु सीधे उनको भी अपनी रचनाएँ मेल कर सकते हैं।
girishpankaj1@gmail.com

कहानी

कन्यादान

(सयानी लड़की की डायरी से)

कल्पना मनोरमा

10 फ़रवरी 2000..

आज सुबह से घर में मेरे सयाने होने के चर्चे हिकारत से चल रहे थे। बाबूजी ने शाम को चाय पर एक बैठक बुलाई थी। उसमें बड़े दादा जी, अनिल चाचा, बड़ी बुआ और पूजा बुआ के साथ ताऊ जी भी आए थे। सभी मेरे कमरे की ओर इशारा करते हुए बातें कर रहे थे। सबके चेहरों से झलक रहा था जैसे कि मैं कोई अपराधी हूँ। मुझसे कोई अपराध हो गया है। तू बता, सयाने होने में क्या मेरा दोष है? "नीम चढ़ी करेली।" मुझे कहकर दादी, माँ को चिढ़ा रही थीं। माँ बेहद चिंतित दिख रही थीं। बहुत देर चुप लगा कर बैठे दादा जी बोले--"ऐसा करो किशोर, गढ़ी वाले ज्योतिषी जी को अपनी बिटिया का हाथ दिखवा लो। रोज़ का तुम्हारा सर दर्द दूर हो जाएगा और ठीक से पता चल जयेगा तुझे कौन रास्ते चलना है। बड़े पहुँचे हुए संत हैं। दो वर्ष हुए उन्होंने नमक छोड़ रखा है। मैं देख रह हूँ दो वर्ष तुम्हें भी लड़का खोजते हुए?" दादाजी ने बाबूजी से कहते हुए सलाह नहीं दी बल्कि आदेश दिया था। बाबूजी का मुरझाया-सा चेहरा खिल उठा। उन्हें हर समस्या का समाधान मिल गया था। गमगीन माहौल में बहार आ गयी। हँसी-ख़ुशी नाश्ता-पानी कर सभा समाप्त कर दी गयी।

25 फ़रवरी 2000

आज दादा जी वाले ज्योतिषी जी आए थे।

"यजमान, आपकी पुत्री सौभाग्यशालिनी है। अच्छा घर-वर मिलने की पूरी संभावना है। जिस घर में जाएगी, नोटों पर सोएगी। बस इसके हाथ से साँझ को काली माता के मन्दिर में घी का दीपक एक साल तक लगातार जलवाते रहो। याद रहे इस कार्य में नागा न होने पाए। इसी बीच कोशिश करके आप कुम्हार से चाक पर इस्तेमाल किया हुआ डोरा (धागा) माँग लाओ। आपको बता दें महाराज! वह देने में आनाकानी करेगा लेकिन कुछ भी ले-देकर आप ले ही आना। तीसरे पहर जब सब सो रहे हों, स्नान कर शिवलिंग पर जाकर उसे चढ़ा देना। फिर देखना किस तरह से वह धागा आपके कष्टों को काटता है...! ये ध्यान रहे, कोई आपको देख न पाए। ना के बराबर दहेज लगने का इसे राम बाण उपाय समझो यजमान।" ज्योतिषी जी को मुँह माँगी दक्षिणा देकर विदा कर दिया गया। बाबूजी के चेहरे से ख़ुशी छलकी पड़ रही थी।

वह साँझ बड़ी ख़ुशनुमा थी।

26 फ़रवरी 2001

आज काली माता के मंदिर में दीपक जलाने का आख़िरी दिन था। आँधी-तूफ़ान, ठंडी-गर्मी और बरसात भी मेरा रास्ता न रोक सकी थी। अपना सिर झुकाए पाँव के पास की जमीन देखते हुए मंदिर जाना और उसी विधि से दीपक जलाकर लौट आना, मेरा कर्तव्य भी था और धर्म भी। लेकिन आज दीपदान कर जब लौट रही थी, कुछ लड़के मन्दिर के पास खड़े होकर हँसने लगे और हँसते ही चले गये। मैंने सोचा, होगा कुछ उनका अपना ही विषय। लेकिन जब मेरे कुरते के रंग के बारे में उनमें से किसी ने बोला तो सिर उठाकर मैंने उनकी ओर देख लिया। सब खिलखिलाकर हँस पड़े। मैं सहम कर घर लौट आई। पाँव अपनी गति भूल चुके थे। "हे ईश्वर मेरी लाज बचाए रखना।" की प्रार्थना चल रही थी। काँपते हुए जब पहुँची तो मेरे पहुँचने से पहले लड़कों के हँसने की ख़बर बाबूजी को मिल चुकी थी। उस हँसोड़ घटना में, वे मेरी गलती मान रहे थे। कह रहे थे मैंने सिर उठाकर उधर देखा ही क्यों? बाबूजी आगबबूला होकर माँ को भी बुरा-भला सुना रहे थे। माँ ने मुझे हेय दृष्टि से देखा था। फिर न जाने क्या हुआ, सबका ध्यान मुझसे हट गया। कुम्हार वाला अनुष्ठान फलित होने की बात बाबूजी माँ को बताने लगे थे। मामला भले शांत हुआ मगर मेरा मन आहत था और आहत है।

17 अक्तूबर 2001

आज मन बहुत उदास है। बाबू जी को लड़का मिल चुका है। लोग अलग-अलग तरह की बातें कर रहे हैं। कोई कहता, लड़का शराबी है, कोई बेरोजगार बता रहा है, कोई जुआरी और आवारा लेकिन बाबूजी कहते हैं कि सब के सब जलनखोरी में ऐसा कह रहे हैं। उन्हें जमाई हीरा मिला है। "सोनरूपा की माँ, भाग्य हैं हमारे, मुफ़्त में घर मिल गया। बड़े अच्छे लोग हैं। लड़के का बाप तो कुछ बोला ही नहीं। कहने लगा जो आपको उचित लगे कर देना। कुम्हार के 'डोरे' वाली बात सटीक निकली, ज्योतिषी जी की। लड़की का एक बार ब्याह निबटा भर लें, इस सर्दी ज्योतिषी जी को ऊनी पोशाक सिलवाऊँगा।" बाबू जी, माँ से धीरे-धीरे कह रहे थे। माँ शांत थीं।

25 जुलाई 2003

मेरी शादी को अभी बस तीसरा साल ही लगा है लेकिन दर्पण कहता है कि मैं तेरह साल की ब्याहता लगने लगी हूँ। आँखों के किनारे खाल झूल गयी है। गाल पिचक कर ओखली हो गये। हाथों की लकीरों में जो पैसा ज्योतिषी ने गुँथा देखा था, कालिख़ से अट चुकी हैं। पैसा कभी ज़रूरत के लिए भी नहीं आया हाथ में। मैंने कहने की कोशिश की तो बाबूजी कहते हैं ब्याही बेटियों की शोभा अपने घर रहने में होती है। इसलिए मायके का मोह त्याग चुकी हूँ। जब सहा नहीं गया तो कुछ दिन पहले पति की करतूतें चिट्ठी में लिखकर बाबूजी को भेज दी थीं। आज उसी का जवाब आया है। उन्होंने लिखा है कि,"तुम संसार में अकेली ऐसी स्त्री नहीं, जिसका पति शराबी है, आदमी की जात होती ही ऐसी है। तुम सामंजस्य बनाना सीखो और ख़ुश रह रहा करो। समय काटने में बहादुरी है न कि किसी को बताने-सुनाने में।"

डायरी मैं तुझसे पूछना चाहती हूँ- "माना कि मैं दुनिया की अकेली स्त्री नहीं हूँ, लेकिन बाबूजी की तो अकेली बेटी थी न...?

कविता : तुम्हारा आना

राजेश सिन्हा

तुम्हारा आना
जैसे चांद उतर आना
दूर गगन से

तुम्हारा आना
जैसे दूध उतर आना
मां की छाती में

जैसे नदी उतर आना
पर्वत से

इसलिए तुम आओ
कि अंधेरे आंगन में
भर सके चांदनी

कि मुरझाए को
मिल सके संजीवनी

और तुम आओ
कि पट सके
सूखे खेत में पानी

2. शीर्षक - तुम

तुम न मिलो
तो लगता है
सूख गई कोई नदी

तुम न खिलो
तो लगता है
मुरझा गई कोई कली

तुम न दिखो
तो लगता है गायब
हो गई चांद से रोशनी

इसलिए
तुम मिलो
जैसे आकर
मिलती है नदी समुद्र में

तुम खिलो
जैसे खिलता है गुलाब
कांटों के बीच में

तुम दिखो
जैसे दिखती है रोशनी
चांद में,,

सॉनेट : कलंक भी है सौंदर्य

अनिमा दास

मंजुरिम सांध्य कुसुम.. मधुर ज्योत्स्ना में दीर्घ प्रतीक्षा
तुम्हारा आगमन एक भ्रमित कामना मात्र लेती है परीक्षा
दृगंचल में शायित इच्छा.. इच्छा में अनन्य अभिसार
कल्पना ही कल्पना है..वर्णिका में है अभ्याहार।

अस्ताचल की अरुणिमा में मंत्रमुग्ध सा मुखमंडल
कृत्रिम क्रोध से स्पंदित हृदय में नव प्रणय पुष्पदल
द्वार से द्वारिका पर्यंत कृष्णछाया, हाँ! क्यों कहो?
ऐ!लस्या-लतिका..ऐ!मानिनी मदना.. शून्य में बहो।

कलंक भी सौंदर्य है.. कहा था मुझे सुनयना ने कभी
सौम्य-मृदु अधरों से छद्म -शब्दों का मधु झर गया तभी
देहान्वेषी ने उसके अंगों का अग्नि से किया अभिषेक
तथापि निरुत्तर प्रतिमा में शेष नहीं था मुक्ति का अतिरेक।

स्वप्नाविष्ट प्रकृति..अंतर्मुखी विवेचना में है पुनः संध्या
तिक्त वासना में है चीत्कार करती शताब्दी की बंध्या।

2 नर्तकी

मदिर नयनों में अव्यक्त भाषा.. अपरिगत अभिलाषा
भंगिमाओं में उभरती तृष्णा..क्या है तृष्णा की परिभाषा?
झरती तारिका..थिरकती अश्रुबूँद..है तेरा हृदय स्पंदित
मौन अधर पर..प्रियतम का नाम..है गुप्त - कंपित।

पदताल में अग्नि स्फुरित..मृणाल सी अँगुलियाँ
मन अस्थिर...काया अधीर..कटि पर स्वेदित मंजरियाँ
मदमत्त से पल्लव..पर्वत,दिगंत..सुलोलित गीतिका
ध्वनि में रागिनी,नृत्यरता कामिनी,मुद्राएँ- वीथिका।

आ!!मेघ वाहिनी..आ!!मधुर शिंजन.. की निर्झरिणी
अंग-अंग कुमकुमित नृत रंग,सखी,तुम ही चित्रिणी
ऋतुएँ गाती..सप्तस्वर के गीत..मन उदास तथापि
यह आकाश नहीं बरसता नितांत निदाघ में कदापि।

लावण्यमयी लास्या! नूपुर के दीर्घ राग में है उजास
प्रणय निवेदन..रच रहा देखो अर्वाचीन का इतिहास।

पुस्तक समीक्षा

शोक से जूझने की ताकत देते गीत

सुधांशु उपाध्याय

शुभम का नया नवगीत-संग्रह ''शोकगीतों के समय में'' एक खास और अशुभ दिनों में रचे नवगीतों का संग्रह है। लेकिन संग्रह की रचनाएँ बार-बार शोकगीतों के समय से हमें बाहर ले जातीं हैं। शोक हमें विलाप और निष्क्रियता की ओर ले जाता है लेकिन इस संग्रह के नवगीत शोक से जूझने की ताकत देते हुए सामने आते हैं। नवगीत शोक से उबरने और मुठभेड़ करने की विधा है।

शुभम श्रीवास्तव ओम समय के ताप में परिपक्व होते नवगीतों के कवि हैं- भाषा, शैली, छंद, अलंकारादि कविता - उपकरणों से लैस। संग्रह के गीत अपनी व्यंजना और लक्षणा में कभी-कभी चमत्कृत कर देते हैं। पूरी सहजता से ये काव्य के औजारों को साधते हैं और अपने गीतों में समय का अनुवाद करते हैं।

शुभम के नवगीत अपने समकाल को परिभाषित तो करते ही हैं, उसे व्याख्यायित भी करते है। इसके लिए उनके पास सूक्ष्म व्यंजनाएँ हैं तो चित्र - धर्मी लेखन कौशल भी। इन गीतों की एक अलग खासियत यह भी है कि यहाँ लेखन की उत्तेजना नहीं, अध्ययन, अनुभव ग्रहण और अभिव्यक्ति का जरूरी धैर्य है। नोक-पलक दुरुस्त करने का सब्र भी। इनके यहाँ कुछ भी हड़बड़ी में नहीं। पहले देखना-सोचना-समझना फिर यथावश्यक शिल्प को साधते हुए उसका निर्वाह करना। शुभम नवगीत के गंभीर और नवगीत नयी चेतना का समरांगण है। यह गीत का विकास नहीं, गीत का सात्विक प्रतिरोध भी है। शुभम श्रीवास्तव ओम इस प्रतिरोध के सबसे युवा नायकों में हैं, अपनी विशिष्ट और चमकदार छवि के साथ।



संग्रह- शोकगीतों से समय में (नवगीत-संग्रह)
गीतकार- शुभम श्रीवास्तव ओम
प्रकाशक- श्वेतवर्णा प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य- 200 /-

शुभम के नवगीत नियमित छात्र हैं, अध्येता हैं जो बहुत तेजी से नवगीत के अध्यापक और व्याख्याता बनने की ओर अग्रसर हैं। उनके गीत समय का अप्रिय आलेख तो हैं ही, आने वाले समय की फोरकास्टिंग का साहस भी रखते हैं।

ओम सांवले नवगीतों के कवि हैं। इनके यहाँ आवश्यक रूमान भी बहुत बच-बचा के चलता है। शहर में आयी नयी-नवेली ग्राम्य वधू की तरह।

शुभम के नवगीतों की मुख्य शक्ति अभिधा है। सत्य को यथाशक्य अनावृत प्रस्तुत करना उनकी सहज कविता - शैली है।

'' लौट जीते-जी
न घर आये
चाल में जीने गये मजदूर...
धड़ कहीं,
गुर्दा कहीं गर्दन
देर तक
बीने गये मजदूर।''

शुभम श्रीवास्तव ओम यहाँ कला-बारीकियों का इस्तेमाल कर इस मंजर को वीभत्स होने से बचा सकते थे लेकिन तब ''द कश्मीर फाइल्स'' ठीक से सामने न आ पाती और विरोध की हवा को आवश्यक तेजी नहीं मिलती। शुभम के नवगीतों में ऐसी जरूरी सावधानियाँ बार-बार मिलती हैं। वह रौ या आवेग में लिखने वाले या प्रतिक्रियात्मक कवि नहीं। स्थितियों का गहन अनुवीक्षण, उनका सचेत मंथन और अभिव्यक्ति की सहजता शुभम को कम उम्र में गंभीर नवगीत-कवि बनाती है। यह संग्रह नवगीत को लेकर एक सार्थक उम्मीद को और मजबूत करता है।

नवगीत का भविष्य अभी धुँधला है। शुभम श्रीवास्तव ओम का ये नवगीत संग्रह इस अँधेरे में रौशनी के गोले दागता नज़र आता हैं।

(दुखद बात यह है कि 1 मई ,2024 को संभावनाशील गीतकार शुभम का दुःखद निधन हो गया । नेशनल एक्सप्रेस की ओर से इनको नमन)

व्यंग्य

तारीफ पे तारीफ

अशोक व्यास

आज मेरी प्रकाशित रचना मैंने सोशल मीडिया और कई ग्रुपों में डाली ।साथ ही यूट्यूब चैनल को भी चालू कर दिया लेकिन तारीफ के तूफ़ान को छोड़ो, लाइक का एक पत्ता भी नहीं हिला। शेयर की हल्की से सुरसुराहट भी नहीं हुई , सब्क्राईब्स की सुनामी नहीं आई ।बधाई की वाही तबाही नहीं मची। कुल मिलकर बड़ी सूनी-सूनी-सी जिंदगी है ये जिंदगी. कलाकार हो , साहित्यकार हो , खिलाड़ी हो , या नेता हो उन सबको तारीफ चाहिए बिना नागा चाहिए और इतनी चाहिए कि बार-बार हो लगातार हो . तारीफ पे तारीफ नहीं हुई तो एक्स्पोज़र का क्या फायदा . तारीफ आई सी यु में भर्ती मरीज की ओक्सिजन है , शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का च्यवनप्राश है , कमजोर की गिज़ा है . हर व्यक्ति चाहता है कि उस पर ध्यान दिया जाए, जिसके लिए वह कई जतन करता है ।उलजलूल हरकतें करता है और इन हरकतों के कारण कभी-कभी गिनीज वाले रिकार्ड भी बन जाते हैं . जिसके लिए वह अपनी जान तक को दांव पर लगाता है . जनता दर्शक पाठक तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाते हैं तारीफ करते हैं, तब जाकर उसे चैन मिलता है . लेकिन कई बार कुछ भी कर लो लोग ध्यान ही नहीं देते तब वह उटपटांग हरकतें करता है ।नाक में भोंहो में और जबान पर बाली पहनता है ।शरीर के विशिष्ट अंग पर टैटू बनवाता है। और जाने क्या-क्या करता है . मंच पर कविता पढ़ने वाला तारीफ के लिये स्टेंडअप कामेडियन की तरह बोल्ड एंड ब्यूटीफुल चुटकुले सुनाने लगता है जनता भी ठोको ताली करने लगती है । तब उसकी सांस में सांस आती है .

किसी भी कलाकार के लिए , रचनाकार के लिए तारीफ वो शय है, जिसकी कोई सीमा तय नहीं होती। जितनी मिले कम है ।कई बार तो झूठी प्रशंसा में भी मजा आने लगता है । प्रशंसा करने वाले की मंशा क्या है, ऐसी छोटी-छोटी बातों पर तारीफ के इच्छाचारी को ध्यान नहीं देना चाहिए . तारीफ वो स्टेरायड है जो किसी कमजोर में भी शक्ति का संचार कर सकती है मुर्दों में भी जान डाल सकती है . तारीफ वो फूंक है जिसे भरने पर कोई भी फूल कर कुप्पा हो सकता है उसके बाद वह फूला फूला और खिला खिला फिरता है जब तक उसके फूलेपन पर जन्मदिन पर लगाये गए गुब्बारों पर आलोचना की अगरबत्ती न लगा दे . हालांकि कई लोग इस मामले में बड़े पोजिटिव होते है वह बदनामी को भी सकारात्मक लेते हैं उनका मानना है कि बदनाम हुए तो क्या हुआ हमारे नाम को आगे बढ़ाने में कुछ सहयोग ही दिया है इसलिए वह भी धन्यवाद का पात्र है . कई होते हैं जो बेशर्मी से चमड़ी को इतनी मोटी बना लेते हैं कि किसी भी आलोचना का असर उन पर नहीं होता है या यूं कहले कि वह अपमान जैसी टुच्ची बातों से ऊपर ऊठ चुके हैं . बल्कि उसे भी सकारात्मक रूप से लेते हैं कि बस नाम होना चाहिए भले ही बदनाम हो जाए क्योंकि उसमे भी नाम जुड़ा हुआ है .

हमारे शहर के एक अख्यात वार्ड प्रतिनिधि थे, जो पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। जरूरत पड़ने पर गला फाड़कर जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाते थे . लेकिन पार्टी नेताओं में उनकी पूछ-परख नहीं थी क्योंकि पार्टी में उनका कोई गॉडफादर नहीं था. पहले कैंडिडेट का फॉर्म रद्द होने के कारण डमी कैंडीडेट बनाने के कारण जीत गए थे इस मामले में वह किस्मत के धनी थे इसलिए पार्टी में इतनी सक्रिय भूमिका होने के बावजूद भी वह कहते रहते थे कि यार कुछ भी कर लूं लेकिन अगले चुनाव में टिकट मिलना मुश्किल है . तब वह अपने राजनीतिक गुरु के पास गए, उन्होंने जो ज्ञान दिया था, उसके सुपरिणाम बाद में ज्ञात हुए . कुछ ही दिनों बाद एक महिला ने उन पर बलात्कार का आरोप लगा दिया . पुलिस में रिपोर्ट डाल दी फिर तो पेपरों में टीवी में छा गए बच्चे से लेकर पार्टी के बड़े बूढ़ों की जुबान उनके किस्सों का चटखारे लेकर उनका ही नाम लेने लगे . पूरी पार्टी उनके बचाव में आ गई और यह तय हो गया कि इतने लोकप्रिय जनप्रतिनिधि का अगले चुनाव में टिकट पक्का है तो कई बार बदनामी भी तारीफ का कारण बन जाती है . इसी प्रकार जब हम कोई रचना सुनते हैं, खेल दखते हैं , फिल्म देखते है उनको देखकर उनके रचना कर्म को , कलाकारी को , खेल को देखकर जब तालिया बजती है वही तालियां उनके लिए अगली फिल्म का या टीम में सिलेक्शन का और रचनाकार को पुरस्कार मिलने का द्वार खोल देती है . तालियां वह गरजता बरसता तेज पानी है जिसके ऊपर तारीफों का पुल बनता है जिस पर चलकर बंदे को एवरेस्ट फ़तेह करने जैसा कुछ कुछ एहसास होने लगता है अपनी श्रेष्ठता पर उसका भरोसा बढ़ने लगता है. तारीफ पे तारीफ ऐसे बरसनी चाहिए जैसे सावन की झड़ी लगती है. यह बात अलग है कि आजकल प्रत्येक मौसम बेईमान हो गया है इसलिए सावन की झड़ी कम ही लगती है. इसी प्रकार तारीफ करने में भी लोग कंजूस हो गए हैं. जैसे उनकी जेब से पैसे खर्च हो रहे हैं और करेंगे भी तो बदले में वह भी आपसे तारीफ चाहेंगे जैसे तारीफ कोई खुजली है कि तू मेरी पीठ खुजा में तेरी खुजाऊं .



तुम कोई यूट्यूबर हो , चेनल पर बैठ कर किसी को भी गाली देने का हुनर आपमें है , बिग बॉस में जाने की आपकी हैसियत है , धर्म और राष्ट्र को कोस सकते हो , कोई ब्लागर हो , उलजलूल शब्दों का उपयोग करने वाले रेपर हो या इसी टाइप की योग्यता रखने वाले सेलिब्रिटी हो तो आपको तारीफ पे तारीफ मिल सकती वर्ना आप भी मामूली आम आदमी कहलाओगे जिसके लिये तारीफ करने से किसी की भी जबान घिस सकती है . आम आदमी की तारीफ तो सिर्फ चुनाव के समय याद आती है इसलिए गौर से सुनो " ऐ आम आदमी! तुम्हारी तारीफ पे तारीफ हम चुनाव आने पर करेंगे और भैया आम आदमी तुम बिलकुल मत घबराना हिंदुस्तान में चुनाव का मौसम सदा जवान रहता है अतः तुम्हारे हिस्से की तारीफ तुम्हे मिलती रहेगी " .

ग़ज़ल / तुम्हारे जलवे हैं

अशोक अंजुम

तुम दलबदलू यार, तुम्हारे जलवे हैं
कुर्सी पर हर बार, तुम्हारे जलवे हैं

राजनीति से पहले इकदम पैदल थे
अब दर्जन-भर कार, तुम्हारे जलवे हैं

लोकतंत्र बीमार, तुम्हारे जलवे हैं
जब-जब लगता सभी व्यवस्था चौकस हैं
तब-तब छेड़ो रार, तुम्हारे जलवे हैं

जनता को हैं बड़ी-बड़ी सब बीमारी
तुमको नहीं बुखार, तुम्हारे जलवे हैं

सचमुच में ही बड़े घाघ लीडर हो तुम
कोई हो सरकार, तुम्हारे जलवे हैं

हम तरसें के कभी किसी दिन चैन मिले
तुमको सब इतवार, तुम्हारे जलवे हैं

पिछली बार रहे थे शायद इस दल में
उस दल में इस बार, तुम्हारे जलवे हैं

लघुकथा : हाईटेक संवेदनाएँ

डॉ. शैल चंद्रा

आज मुकेश के फेसबुक और उसके व्हाट्सएप के प्रोफ़ाइल फोटो पर वह अपनी माँ के साथ बैठा हुआ दिख रहा था। यह देखकर उस के एक सहकर्मी ने कहा, ''क्या बात है। मुकेश को आज अपनी माँ बहुत याद आ रही है ! वर्ना वह तो हमेशा अपनी पत्नी के साथ रोमांटिक अंदाज में ही अपनी फोटो डालता है। माँ तो बेचारी गांव में अकेली रहती है। पता नहीं मुकेश बाबू कभी मिलने जाते भी हैं या नहीं?''

''इतने वर्षों के बाद पहली बार डीपी में मुकेश अपनी माता जी के साथ दिखा ।''

एक अन्य सहकर्मी ने व्यंग्य से कहा। तभी चपरासी ने एक आवेदन पत्र कार्यालय प्रभारी को देते हुए कहा, ''सर, आज मुकेश बाबू की माताजी का देहांत हो गया है। यह उनका छुट्टी का आवेदन-पत्र है।''

यह सुनकर वर्मा जी ने कहा, "तभी तो मुझे आज आश्चर्य हुआ कि मुकेश की डीपी में माताजी कैसे आ गईं? न तो आज मदर डे है न तो वृद्ध दिवस।''

यह सुनकर कार्यालय प्रभारी ने पान की पीक थूकते हुए कहा, ''क्या है वर्मा बाबू, अब संवेदनाएँ लोगों के मन में नहीं, फेसबुक, व्हाट्सएप या इनके जैसे और कई ऐपों तक सिमट गई हैं। अब किसके पास इतना वक्त है कि किसी के अंतिम क्रियाकर्म में शामिल हों या घर जाकर संवेदना प्रकट करें। मोबाइल से हम लोगों को सुविधा हो गई है कि घर बैठे श्रद्धांजलि अर्पित कर दो और क्या?''

यह कहकर वे मुस्कुराने लगे। फिर व्हाट्सएप ग्रुप में कार्यालय के लोगों ने मुकेश को अपनी संवेदनाएँ भेज दीं, और अपने कामों में व्यस्त हो गए।

नई दिल्ली, रविवार 5 मई 2024

नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2

'जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा, ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं।'

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

अपने प्रभारी जनपद के अंतर्गत देवरिया लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में सम्मिलित हुए दयाशंकर सिंह। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता शाही सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंधु सम्मिलित हुए।

जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए : योगी

फर्रुखाबाद (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए, इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात करके लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने फर्रुखाबाद से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में शनिवार को यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए इशारों में विपक्षी दलों खासतौर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद पर जमकर निशाना साधा।

पिछले दिनों सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में उनकी भतीजी और सपा नेता मारिया आलम ने यहां कायमगंज में सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा को हराने के लिए "वोट जेहाद" का नारा

दिया था।

भाजपा ने इस मामले को लेकर खुर्शीद और मारिया आलम की कड़ी आलोचना की है। भाजपा मुख्यालय से जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने चेताया, "जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है।"

सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि "जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा, ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं।"

योगी ने कहा, "आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था और जिन्हें विश्वास था वे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे।" मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं, सपा वाले कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन आज वहां लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। उप्र में कर्फ्यू और दंगा मुक्त वातावरण है।

अरविंदर सिंह लवली एक 'अवसरवादी' हैं: कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए पार्टी इकाई के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली को एक ''अवसरवादी'' बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे लोगों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी पहले भी मजबूत थी और आगे भी मजबूत रहेगी।

आम आदमी पार्टी (आप) के साथ पार्टी के गठबंधन के विरोध में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के एक सप्ताह बाद, लवली शनिवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया और नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

ऐसा माना जाता है कि वह और कुछ अन्य नेता इस बात से नाराज थे कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कन्हैया कुमार और उदित राज को उम्मीदवार बनाया।

रायबरेली में बड़े अंतर से हारेंगे राहुल : शाह

बोडेली (गुजरात), (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर शनिवार को उनपर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता रायबरेली में बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे।

आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कुछ राज्यों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण छीनने का भी आरोप लगाया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। जब वह अमेठी से चुनाव हार गए, तो वायनाड चले गए। चूंकि, उन्हें एहसास हो गया है कि वह इस बार वायनाड से हार जाएंगे, इसलिए वह अब अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं।''

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने छोटा उदयपुर (आरक्षित) लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा के लिए चुनाव प्रचार करने के दौरान कहा, ''राहुल बाबा, मेरी सलाह मानो। दिक्कत आपमें है, सीटों में नहीं। आप रायबरेली से भी बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। अगर आप भाग भी जाओ, तो भी लोग आपको ढूंढ लेंगे।'' उन्होंने कहा कि "राहुल बाबा

एंड कंपनी" यह झूठ फैला रहे हैं कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक और कार्यकाल हासिल करेंगे, तो आरक्षण खत्म कर देंगे।

शाह ने कहा, ''राहुल बाबा, मोदी के पास 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत था। लेकिन, उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण को कभी नहीं छुआ। यह मोदी की गारंटी है कि जब तक भाजपा सत्ता में है, आपके आरक्षण को कोई छू नहीं सकता।'' केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि यह 'इंडिया' गठबंधन है, जिसने कुछ राज्यों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा दिया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में गुजरात की 25 लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

शाह ने दावा किया कि कर्नाटक में सरकार बनाने के बाद, उन्होंने (कांग्रेस ने) मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दे दिया और आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया, जिससे ओबीसी के लिए निर्धारित कोटा प्रभावी रूप से कम हो गया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो वे इन वर्गों के लिए निर्धारित कोटा छीन लेंगे और मुसलमानों को दे देंगे।

शाह ने कहा, ''मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि क्या वे उन राज्यों में मुसलमानों को दिया गया आरक्षण वापस लेना चाहते हैं। यह 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' जैसा है। उन्होंने ही आरक्षण छीना, लेकिन वे प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगा रहे हैं।''

केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कोशिश की थी और जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का विरोध किया था। उन्होंने कहा, ''हमने राम मंदिर (में रामलला के नवीन विग्रह की) प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और यहां तक कि अरविंद केजरीवाल को भी निमंत्रण भेजा था। लेकिन कोई नहीं आया। क्यों? क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक का डर है। मुझे उम्मीद है कि आप जानते होंगे कि उनका वोट बैंक कौन है। लेकिन हम उस वोट बैंक से नहीं डरते।''

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, ''एक समय था जब पाकिस्तान से आये घुसपैठिए देश में बम धमाके कर भाग जाते थे, लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने कभी कदम नहीं उठाए, उन्हें डर था कि इससे उनका वोट बैंक खराब हो जाएगा। यह मोदी ही थे जिन्होंने आतंकवादियों का उनके घर में घुसकर खात्मा किया।''

शाह ने दावा किया कि कांग्रेस शुरू से ही 'आदिवासी विरोधी' रही है, यही कारण है कि उसने लगभग 70 वर्षों तक आदिवासी समुदाय के किसी व्यक्ति को देश का राष्ट्रपति नहीं बनने दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को पहली बार द्रौपदी मुर्मू के रूप में एक आदिवासी राष्ट्रपति दिया।

मोदी देश के बारे में व्यापक दृष्टिकोण से नहीं सोचते हैं: शरद पवार

पुणे, (भाषा) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के बारे में व्यापक दृष्टिकोण से नहीं सोचते हैं और उन्होंने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं।

पवार ने अपनी बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले के समर्थन में आयोजित एक रैली में भाग लिया। बारामती में सात मई को चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा,'' प्रधानमंत्री मोदी देश के बारे में व्यापक दृष्टिकोण से नहीं सोचते और अपने वादे पूरे नहीं करते। मुख्यमंत्रियों को सलाखों के पीछे डाला गया,यह गलत है। अरविंद केजरीवाल (दिल्ली के मुख्यमंत्री) अच्छे नेता हैं और उन्होंने कई अच्छे काम किए हैं।''

प्रियंका गांधी ने कोविड रोधी टीके को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा

दावणगेरे (कर्नाटक), (भाषा) कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने कोविड रोधी टीके के मुद्दे पर शनिवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि टीका लगवाने वाले कई स्वस्थ युवाओं को दिल का दौरा पड़ रहा है।

प्रियंका ने यहां एक चुनावी रैली में टीकों और चुनावी बॉण्ड मुद्दे के बीच संबंध बताते हुए आरोप लगाया कि टीकों का निर्माण उस कंपनी द्वारा किया गया था, जिसने भाजपा को 52 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। उन्होंने दावा किया कि खबरों में कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने कोविड रोधी टीका लगवाया उनमें से कुछ को दिल का दौरा पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि हाल में इस संबंध में एक रिपोर्ट आई थी। उन्होंने कहा, ''हट्टे-कट्टे

और स्वस्थ युवाओं को दिल का दौरा पड़ रहा है, वे बीमार नहीं थे, ऐसा टीके की वजह से हुआ है। ये सभी टीके उस कंपनी ने बनाए थे, जिसने मोदी जी को 52 करोड़ रुपये का चंदा दिया था।''

केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रियंका ने कहा, ''सच्चाई यह है कि चाहे वह टीके के जरिए हो, या किसी पर छापा मारकर चंदा लेना हो या किसी के खिलाफ मामला दर्ज करना और बाद में उसे वापस लेना हो, ऐसे कई उदाहरण हैं। सच्चाई यह है कि यह सरकार भ्रष्ट है।'' उन्होंने कहा कि वे चुनावी बॉण्ड योजना लेकर आये, जिसके माध्यम से उन्होंने सभी से चंदा लिया। प्रियंका ने कहा, ''गुजरात में उस पुल को बनाने वालों से चंदा लिया गया, जो ढह गया और कई लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कोविड टीका बनाने वालों से चंदा लिया।'' प्रियंका ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा, ''क्या आप सभी ने टीका लगवाया था? आपको याद है टीके के प्रमाणपत्र पर किसकी फोटो थी? मोदी जी की फोटो थी या नहीं?''

मोदी सत्ता में बने रहने के लिए हिंदुओं में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं: फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर, (भाषा) नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सत्ता में बने रहने के लिए हिंदुओं के बीच डर का माहौल पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि वह अब आम लोगों के मुद्दों पर बात नहीं करते हैं।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से ''बांटो और राज करो की इस राजनीति'' से दूर रहने को कहा। अब्दुल्ला ने लोकसभा चुनाव में नेकां के उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी के समर्थन में यहां शहर के खानयार इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मोदी हिंदुओं में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और इसलिए वह उनसे कह रहे हैं कि आपके मंगलसूत्र छीन लिए जाएंगे तथा मुसलमानों को पैसे देने के लिए उसे बेच दिया जाएगा। क्या हम इतने बुरे लोग हैं कि अपनी मां-बहनों से मंगलसूत्र छीन लेंगे?''

श्रीनगर से सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री हिंदुओं से कह रहे हैं कि यदि मौजूदा चुनावों के बाद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' केंद्र की सत्ता में आता है, तो उनकी बचत पर कर लगाया जाएगा और यदि उनके पास दो घर हैं, तो एक छीन लिया जाएगा और मुसलमानों को दे दिया जाएगा।

अब्दुल्ला ने कहा, ''वह हिंदुओं में मुसलमानों के प्रति नफरत पैदा कर रहे हैं और फिर कहते हैं कि मुसलमान अधिक बच्चे पैदा करते हैं। बच्चे अल्लाह की देन होते हैं। कई (लोगों) के (बच्चे) नहीं हैं। जब उनकी कोई संतान ही नहीं हैं तो वह बच्चों के बारे में क्या जानते हैं?'' उन्होंने प्रधानमंत्री पर देश में ''नफरत पैदा करने'' की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि ''हम इसके खिलाफ हैं''।

अब्दुल्ला अपने स्वास्थ्य कारणों से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी अब आम लोगों के उन मुद्दों के बारे में बात नहीं करते हैं जिनके सहारे वह 2014 में प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ''जब 2014 में वह सत्ता में आए, वह रसोई गैस सिलेंडर की कीमत का मुद्दा उठाया करते थे। उस समय रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपये थी। वह महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाया करते थे।'' उन्होंने कहा, ''दस साल हो गए और अब गैस सिलेंडर की कीमत क्या है? यह 1,100 रुपये है। डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं, सब्जियों, मटन आदि की कीमतें बढ़ गई हैं। उन्होंने (मोदी) ऐसे स्मार्ट मीटर लगाए जो बिजली न होने पर भी चलते हैं।'' उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और ''बांटो और राज करो'' की राजनीति से दूर रहने को कहा।

जम्मू-कश्मीर की स्थिति का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में सभी शीर्ष अधिकारी बाहरी हैं।

अब्दुल्ला ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की जांच करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा, ''जब आप वोट करें, यह सुनिश्चित कर लें कि आपने ईवीएम की जांच कर ली है। देखें कि लाइट जलती है या नहीं, ताकि आपका वोट बर्बाद न हो। वीवीपैट की भी जांच करें। सरकारी एजेंट आपको रिश्वत देने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको सतर्क और ईमानदार रहना होगा।''

नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरा हत्याकांड मामले में सीबीआई अदालत ने चार दोषियों को मौत की सजा सुनाई

नयी दिल्ली, (भाषा) हरियाणा के पंचकूला में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई अदालत ने 10 अप्रैल को हेमत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया। यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है।

सीबीआई ने एक बयान में कहा कि अदालत ने दोषियों पर कुल 8.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। आरोपियों ने एक नाबालिग समेत दो महिलाओं से उनके घर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था और उसके बाद गहने और नकदी लूटी थी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। राज्य सरकार के निर्देश पर सीबीआई ने घटना की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।